DBD
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# दो बजे दोपहर

## महाराष्ट्र में मराठा राज के बाद अब चलेगी 'पेशवा की पेशवाई

## फडणवीस तीसरी बार लेंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ

## प्रधानमंत्री मोदी समारोह में होंगे शामिल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई


पांच साल के सीएम, फिर 72 घंटे के मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और फिर ढाई साल के डिप्टी सीएम। पिछले 10 साल तक अलग-अलग रोल में देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र की राजनीति की राजनीति के हीरो बने रहे। अब फिर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का ताज फडणवीस के सिर फिर सजने जा रहा है. पांच दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में फडणवीस मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. बीजेपी के विधायक दल की बैठक में देवेंद्र फडणवीस को नेता चुना गया है. सुधीर मुनगंटीवार और चंद्रकांत पाटिल ने फडणवीस के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका पंकजा मुंडे और प्रवीण दरेकर ने अनुमोदन किया. इसके साथ ही सर्वसम्मति से फडणवीस का नाम चुना गया. महाराष्ट्र में अब पांच साल के मराठा राज के बाद 'पेशवा' की 'पेशवाई' की चलेगी।

### कांग्रेस-एनसीपी के 15 साल के शासन का किया था अंत

2014 में पहली बार देवेंद्र फडणवीस जब सीएम बने थे, तब उन्होंने एनसीपी-कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत किया था। फडणवीस ने विधानसभा से सड़क तक कांग्रेस-एनसीपी शासन में हुए सिंचाई घोटाले को लेकर आवाज बुलंद की। मोदी लहर के बीच प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र ने चुनाव का ताना-बाना बुना और जीत हासिल की। दूसरी बार भी एंटी इम्कबेंसी को दरकिनार कर गठबंधन के साथ बहुमत हासिल किया, मगर सत्ता हासिल नहीं कर सके। 72 घंटे की सरकार बनाई, तब उन्होंने शरद पवार से बातचीत की थी। जब सरकार गिरी, तब फडणवीस ने विधानसभा में चेतावनी के लहजे में पवार और ठाकरे को एक शेर सुनाया था। 'मेरा पानी उतरता देख, मेरे किनारे पर घर मत बसा लेना। मैं समंदर हूं...लौटकर आऊंगा।' ढाई साल बाद ही शिवसेना दो हिस्सों में टूट गई। एनसीपी के दो टुकड़े हो गए। बीजेपी को फडणवीस सत्ता में ले आए। 2024 में एक बार फिर अपनी रणनीति से एंटी इम्कबेंसी की हवा बदल दी। बीजेपी सर्वाधिक 132 सीटें जीती ही, महायुति ने भी इतिहास रच दिया।

### उद्धव ठाकरे के घमंड को तोड़ने वाले 'पेशवा'!

यह कहानी महाराष्ट्र की सियासी गलियारों में सुनाई जाती है। सच या झूठ, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। 2014 के विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी के केंद्रीय नेताओं ने उद्धव ठाकरे को बातचीत का निमंत्रण दिया था। बताया जाता है कि उद्धव ठाकरे ने संदेश दिया कि बीजेपी नेता मातोश्री में आकर उनसे चर्चा करे। यह बात बीजेपी को पसंद नहीं आई। तब देवेंद्र फडणवीस ने इसे चुनौती के तौर पर लिया। पहले बीजेपी अकेले चुनाव लड़कर बड़ी पार्टी बनी। 44 साल की उम्र में जब पहली बार सीएम बने, तब फडणवीस ने पहली बार शिवसेना को गठबंधन का जूनियर पार्टनर बनाया। पांच साल तक सरकार चलाई। दूसरी बार बीजेपी और शिवसेना साथ में उतरी। महायुति को बहुमत मिला, मगर उद्धव ठाकरे सीएम पोस्ट पर अड़ गए। देवेंद्र फडणवीस ने एनसीपी के क्षणिक बागी अजित पवार के साथ 80 घंटे के लिए सरकार बनाई, मगर चल नहीं सकी। फडणवीस विपक्ष में बैठे और उद्धव ठाकरे की शिवसेना ढाई साल में ही दो हिस्सों में बंट गई। जब चुनाव में उतरे तो ठाकरे की सेना को 20 पर समेट दिया।




## धीरे-धीरे देवेंद्र बनते गए मराठा राजनीति के सूरमा



देवेंद्र फडणवीस के पिता गंगाधर फडणवीस जनसंघ और बीजेपी के नेता रहे। नागपुर के गंगाधर फडणवीस को नितिन गडकरी भी अपना राजनीतिक गुरु बताते रहे हैं। 22 साल की उम्र में फडणवीस ने नागपुर के पार्षद से राजनीति शुरूआत की, फिर 27 साल की आयु में युवा मेयर बनने का रेकॉर्ड बनाया। 1999 में दक्षिण पश्चिम नागपुर सीट से विधानसभा चुनाव लड़े और लगातार जीतते रहे। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बने। 2014 के विधानसभा चुनाव से पहले गोपीनाथ मुंडे के आकस्मिक निधन के बाद नेतृत्व की चर्चा चल रही थी। नितिन गडकरी और एकनाथ खडसे जैसे दिग्गज कतार में थे। चुनाव के दौरान दिल्ली में नरेंद्र, महाराष्ट्र में देवेंद्र का नारा काफी लोकप्रिय हुआ। देखते ही देखते वह बीजेपी के पोस्टर बॉय बन गए। अपनी बेदाग छवि और लोकप्रियता के कारण आरएसएस ने भी उन्हें नेक्स्ट जेनरेशन के नेता के तौर पर चुना, जिसमें वह खरे साबित हुए। उन्होंने गठबंधन की सरकार चलाकर अपने नेतृत्व क्षमता को भी साबित कर दिया।

### अजित पवार डिप्टी सीएम होंगे, एकनाथ शिंदे पर सस्पेंस

दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार समेत दो उपमुख्यमंत्रियों को भी शपथ दिलाई जाएगी। अभी तक इस बात पर कोई स्पष्टता नहीं है कि निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नए मंत्रिमंडल का हिस्सा होंगे या नहीं। फडणवीस ने कहा कि उन्होंने शिंदे से सरकार में शामिल होने का अनुरोध किया है, जबकि शिंदे ने कहा कि बाद में मीडिया को इस बारे में जानकारी दी जाएगी।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिंदे ने ली चुटकी

सरकार बनाने का दावा पेश करने के बाद तीनों नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान हल्के-फुल्के पल भी आए। एक बात पर शिंदे और अजित पवार एक-दूसरे की चुटकी भी लेते देखे गए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिपोर्टर ने सवाल किया कि क्या अजित पवार और एकनाथ शिंदे भी गुरुवार को डिप्टी CM पद की शपथ लेंगे। इसपर शिंदे ने कहा, ₹अरे अभी तो फडणवीस ने बताया। मैंने बताया कि शाम तक रुको तब बताता हूं।₹ शिंदे बोल ही रहे थे कि अजित पवार ने बीच में कहा, ₹शिंदे का शाम तक पता चलेगा, मैं तो लेने वाला हूं।।₹ इसपर शिंदे ने चुटकी लेते कहा, ₹दादा (अजित) को अनुभव है, शाम को भी लेने का (शपथ) और सुबह भी लेने का।₹ इसपर वहां जोर-जोर से ठहाके लगने लगे।

## महाराष्ट्र के पहले ब्राह्मण नेता, जो दूसरी बार सीएम बनेंगे

मराठा इतिहास में पंतप्रधान यानी 'पेशवा' अपने कूटनीति और युद्धनीति के लिए जाने जाते थे। देवेंद्र फडणवीस के प्रशंसक भी उन्हें 'पेशवा' और देवा भाऊ ही कहते हैं। देवेंद्र फडणवीस पहले भी दो बार महाराष्ट्र के सीएम रह चुके हैं, मगर उनके लिए यह कुर्सी 'लॉलीपॉप' की तरह नहीं मिली। हर बार उन्होंने बड़े चैलेंज को स्वीकार किया और हर दांव से पार्टी को जीत दिलाई। उनकी खासियत यह है कि उन्होंने युवा पार्षद के तौर पर राजनीति में एंट्री ली है, इसलिए वह जनता और कार्यकर्ताओं के नब्ज को पहचानते हैं। देवेंद्र फडणवीस संघ के 'लाडले' हैं और शाह-मोदी के प्रिय भी। काबिलियत के कारण ही वह मराठा राजनीति वाले राज्य में दूसरे ब्राह्मण सीएम बने। महाराष्ट्र के पहले ब्राह्मण सीएम शिवसेना के नेता मनोहर जोशी थे, मगर वह पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर सके थे।

### राज्यपाल से मुलाकात

बुधवार को फडणवीस को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के तुरंत बाद सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की।

### फडणवीस ने भाजपा विधायकों को धन्यवाद दिया

फडणवीस ने उन पर भरोसा जताने के लिए भाजपा विधायकों को धन्यवाद दिया और कहा कि 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन की भारी जीत प्रधानमंत्री मोदी के "एक हैं तो सेफ हैं" मंत्र के कारण हुई।

### देवेंद्र फडणवीस के बारे में

**देवेंद्र फडणवीस**

मनोनीत मुख्यमंत्री

उम्र: 54

सीट: नागपुर दक्षिण-पश्चिम




संपत्ति: 13.27 करोड़

शिक्षा: मैनेजमेंट डिप्लोमा (डीएसई बर्लिन)

पेशा: सामाजिक कार्य/कृषि

### "डबल इंजन सरकार" विकास को बढ़ावा देगी: सीतारमण



विधान भवन में आयोजित विधायक दल की बैठक में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक विजय रूपाणी ने घोषणा की कि फडणवीस (54) को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है। बैठक में भाजपा की केंद्रीय पर्यवेक्षक और केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राज्य और केंद्र में "डबल इंजन सरकार" विकास को बढ़ावा देगी।

### शपथ ग्रहण समारोह में करीब 42,000 लोग शामिल होंगे

भाजपा नेता प्रसाद लाड ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में करीब 42,000 लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी, नौ से दस केंद्रीय मंत्री और 19 मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री समारोह में शामिल होंगे।" उन्होंने कहा कि 40,000 भाजपा समर्थकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है तथा विभिन्न धर्मों के नेताओं समेत 2,000 अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई है।

### शरद पवार का तोड़ेंगे रिकॉर्ड

फडणवीस महाराष्ट्र के ऐसे में दूसरे ऐसे नेता हैं जिन्होंने बतौर मुख्यमंत्री पांच साल का कार्यकाल पूरा किया है। महाराष्ट्र में यह यह उपलब्धि रखने वाले पहने नेता वसंतराव नाइक हैं। वे राज्य के कुल 11 साल 78 दिनों तक मुख्यमंत्री रहे। अगर देवेंद्र फडणवीस इस बार अपना पांच साल तक महाराष्ट्र के सीएम रहे तो वहीं शरद पवार और विलास राव देशमुख को छोड़कर सीएम की कुर्सी पर रहने के मामले में दूसरे नंबर पर नंबर पहुंच जाएंगे।

### नीतीश कुमार आएंगे मुंबई

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। वे गुरुवार को मुंबई के लिए रवाना होंगे। उनके साथ जेडीयू सांसद संजय झा और कुछ मंत्री भी जा सकते हैं। बिहार कैबिनेट के कुछ मंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्री भी उनके साथ जा सकते हैं। हालांकि, सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा जा सकते हैं।

### 'एक हैं तो सेफ हैं' की टी-शर्ट पहने नजर आएंगे कार्यकर्ता




महायुति के शपथ ग्रहण समारोह में कार्यकर्ता 'एक हैं तो सेफ हैं' और 'बटेंगे तो कटेंगे' की टी-शर्ट पहने नजर आएंगे। महायुति के शपथ ग्रहण समारोह में करीब 10,000 बीजेपी कार्यकर्ता 'एक हैं तो सेफ हैं' और 'बटेंगे तो कटेंगे' के स्लोगन वाली टी-शर्ट पहनेंगे। बीजेपी अपनी जीत के पीछे इस नारे को महत्वपूर्ण मानती है। इसके अलावा एनसीपी के कार्यकर्ता गुलाबी टी-शर्ट और गुलाबी पगड़ी पहनकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पहुंचेंगे। एनसीपी ने चुनाव प्रचार में गुलाबी रंग का जमकर इस्तेमाल किया था, जिसको लेकर विरोधियों ने खूब टिप्पणी भी की थी। पार्टी ने महिलाओं को गुलाबी साड़ी और गुलाबी पगड़ी पहनने का आदेश दिया गया है।

### आजाद मैदान छावनी में तब्दील

मुंबई पुलिस ने आजाद मैदान और आसपास की जगहों को छावनी में बदल दिया है। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान होने वाली भीड़ को लेकर मुंबई पुलिस ने ढाई हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती की है। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान 10 पुलिस उपायुक्त, 20 सहायक पुलिस आयुक्त, 100 पुलिस निरीक्षक, 150 सहायक और पुलिस उप-निरीक्षक सहित 1500 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। इसके साथ ही सशस्त्र पुलिस बल, टास्क फोर्स और अन्य सुरक्षा एजेंसियां को भी तैयार किया गया है। आज (4 दिसंबर) और कल आजाद मैदान क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है और पूर्व दिशा की ऊंची इमारतों पर भी पुलिस तैनाती रहने वाली है। इसके अलावा ड्रोन के जरिए भी पुलिस की पैनी नजर रहने वाली है।

### ट्रैफिक एडवाइजरी

मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने इसको लेकर एक एडवाइजरी भी जारी की है ताकि आम लोगों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े और उन्हें पहले से ही बदले हुए मार्गों की जानकारी हो। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि आजाद मैदान में पार्किंग की सुविधा नहीं है। ऐसे में लोगों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक परिवहन से समारोह में पहुंचे, विशेषकर वे लोकल ट्रेन का इस्तेमाल कर सकते हैं। मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने अपनी एडवाइजरी में कहा है कि आजाद मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। वाहनों के आवागमन को आसान बनाने के लिए 5 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक ट्रैफिक में बदलाव किया गया है। सीएसएमटी जंक्शन से वासुदेव बलवंत फड़के चौक जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया है। लोगों से अपील की गई है कि वे एलटी मार्ग चकला जंक्शन से दाएं टर्न लेते हुए डी एन रोड फिर सीएसएमटी जंक्शन से होते हुए अपने गंतव्य की तरफ बढ़ें। शाफेकर बंधु चौकर से वासुदेव बलवंद फड़के चौक का टू-वे ट्रैफिक बंद रहेगा।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है


# 'देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में महाराष्ट्र का विकास होगा'

### भाजपा नेताओं में ख़ुशी की लहर, बताया ऐतिहासिक

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा के नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की बैठक में बुधवार को देवेंद्र फडणवीस को नेता चुना गया। 5 दिसंबर को आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर भाजपा विधायकों में खुशी की लहर है। भाजपा नेता राहुल नार्वेकर ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस को विधायक दल का नेता चुना गया है। इसे लेकर सभी विधायकों में काफी उत्साह है और राज्य की जनता में भी बहुत उत्साह दिखाई दे रहा है। कोई भी असंतुष्ट नहीं है, हम सब एकजुट हैं, मिलकर सरकार चलाएंगे और मिलकर राज्य के विकास के लिए काम करेंगे। देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनते देख राज्य के लोग काफी खुश हैं। भाजपा के कार्यकर्ता उत्साहित हैं। गुरुवार का कार्यक्रम ऐतिहासिक होने वाला है।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही आदमी का चयन किया: पाटील

भाजपा नेता राधाकृष्ण विखे पाटील ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने एक सही आदमी का चयन किया है। अमित शाह के नेतृत्व में महायुति ने जीत हासिल की है। निश्चित तौर पर जो हमें बहुमत मिला है। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास करेगा।

### हर बहन के लिए आज खुशी का पल: वाघ

भाजपा नेता चित्रा किशोर वाघ ने कहा कि महाराष्ट्र की हर बहन के लिए आज खुशी का पल है कि उसका भाई मुख्यमंत्री बनने जा रहा है। शपथ ग्रहण में कौन-कौन शपथ लेंगे, इसके बारे में मुझे जानकारी नहीं है। लेकिन, देवेंद्र फडणवीस सीएम बनेंगे, यह मुझे मालूम है। उनके तीसरे कार्यकाल में सिर्फ मुझे नहीं बल्कि पूरे महाराष्ट्र को उम्मीद है। एकनाथ शिंदे के साथ कोई मनमुटाव नहीं है। उनके नेतृत्व को हम सभी ने देखा है। यह सभी नेता 24 घंटे काम करने वाले हैं। इसलिए, वो बीमार हो गए थे। हमने बीते ढाई साल में जमकर काम किया। यही वजह है कि हम लोगों को महाराष्ट्र की जनता ने इतना बहुमत दिया है।

### हमें जो अपेक्षा थी, वह पूरी हुई: दानवे

भाजपा नेता रावसाहेब दानवे ने कहा कि हमें जो अपेक्षा थी, वह पूरी हुई है। देवेंद्र फडणवीस को विधायक दल का नेता चुना गया है। वह महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री बनेंगे। एकनाथ शिंदे और अजित पवार डिप्टी सीएम बनेंगे।

# महाराष्ट्र में भूकंप के झटके

**डीबीडी संवाददाता । नागपुर**




तेलंगाना के मुलुगु में बुधवार को सुबह भूकंप आने के बाद महाराष्ट्र के नागपुर, गढ़चिरौली और चंद्रपुर जिलों में भी झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, सुबह सात बजकर 27 मिनट पर मुलुगु में 5.3 तीव्रता का भूकंप आया।

### भूंकप के हल्के झटके महसूस किए गए


भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के सूत्रों और स्थानीय निवासियों के अनुसार, नागपुर में भूंकप के हल्के झटके महसूस किए गए। जिला सूचना कार्यालय के अनुसार, तेलंगाना के बहुत करीब स्थित गढ़चिरौली में भी भूंकप के हल्के झटके महसूस किए गए।जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि चंद्रपुर में शहर के कुछ हिस्सों, बल्लारपुर और तेलंगाना की सीमा से सटी तहसीलों में भी भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए।

### क्या कहा जिलाधिकारी ने ?

चंद्रपुर के जिलाधिकारी विनय गौड़ा ने निवासियों से अपील की कि घबराने की जरूरत नहीं है और अगर फिर से ऐसे झटके महसूस हों तो वे सतर्क रहें तथा इमारतों से बाहर खुले स्थानों पर चले जाएं। आईएमडी अधिकारियों के अनुसार, आमतौर पर भूकंप के केंद्र से 200 से 300 किलोमीटर की दूरी पर हल्के झटके महसूस किए जाते हैं।

# सौतेली बेटी से दुष्कर्म

**भिवंडी।** भिवंडी शहर में बाप-बेटी के पवित्र रिश्ते को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक पिता ने अपनी ही सौतेली बेटी को अपने हवस का शिकार बना डाला। ऐसे उसने कई बार किया। इसके साथ ही उसे डराने के लिए जान से मारने की धमकी भी देता रहा। उसकी हरकतों से तंग पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।



### पूरा मामला समझें

ठाणे जिले के शांति नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 15 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि उसके 34 वर्षीय सौतेले पिता ने पहली बार साल 2022 में उसका बलात्कार किया था। इसके बाद वो जब भी मौका देखता उसकी अस्मत लूट लेता। बीते 25 नवंबर को उसकी मां घर से बाहर गई, तो उसने एक बार उसके साथ रेप किया। इसके साथ ही उसे धमकी भी दी कि यदि उसने किसी को कुछ भी बताया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

### मामला दर्ज, पिता गिरफ्तार

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (बलात्कार), 64 (2) (एम) (एक ही महिला से बार-बार बलात्कार) और 65 (1) (कुछ मामलों में बलात्कार) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता की मेडिकल जांच कराई गई है, जिसमें रेप की पुष्टि हो गई है। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 'प्रान' सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए है फायदेमंद: आयुक्त

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

केंद्र और राज्य सरकारों के निर्देशों के अनुसार, संशोधित राष्ट्रीय पेंशन योजना के अनुसार नवंबर 2005 के बाद सेवा में शामिल होने वाले सभी कर्मचारियों को एक स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या PRAN कार्ड प्राप्त करना आवश्यक है। इस PRAN कार्ड के कई वित्तीय लाभ हैं। प्राण कार्ड सभी कर्मचारियों के लिए लाभकारी एवं सुविधाजनक है। भिवंडी निज़ामपुर शहर मनपा के प्रशासक और आयुक्त अजय वैद्य ने कहा कि भिवंडी इस तरह की गतिविधि शुरू करने वाला राज्य का पहला नगर निगम है। 1 नवंबर 2005 के बाद सरकारी सेवा में शामिल हुए शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को महाराष्ट्र सरकार और केंद्र सरकार की राष्ट्रीय सेवानिवृत्ति योजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया है।

### कुल 734 शिक्षक कार्यरत



मनपा के प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कुल 734 शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें से 485 शिक्षक 1 नवंबर 2005 के बाद सरकारी सेवा में शामिल हुए हैं। ऐसे सभी शिक्षकों को एनपीएस योजना के तहत (प्रान) कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इसके लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृतियां ले ली गई हैं। PRAN कार्ड बनाने के लिए स्कूल में जल्द ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कैंप शुरू किया जा रहा है। इस अवसर पर रोहिदास गोकएलकर, उपायुक्त (मुख्यालय) अनुराधा बाबर, उपायुक्त (शिक्षा), वी.आई. आयुक्त (शिक्षा), प्रकाश राठौड़, प्रशासनिक अधिकारी बलराम जाधव, कार्यालय अधीक्षक श्री. स्वाति संखे, लिपिक राजेंद्र कोंडावर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस योजना का लाभ 1 नवंबर 2005 के बाद सेवा में आए शिक्षकों को मिलेगा। कमिश्नर ने कहा शिक्षकों से अनुरोध है कि वे अपना PRAN कार्ड बनाने के लिए संबंधित स्कूल में जाएँ और ऑनलाइन पंजीकरण करें।

# ब्रिज के पिलर पर लगे अवैध बैनर पर कार्रवाई




**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी महानगर पालिका क्षेत्र में अवैध रूप से बैनर लगाने वालों के विरुद्ध मनपा का कार्रवाई अभियान जारी है। मनपा के प्रभाग समिति दो के सहायक आयुक्त माणिक जाधव ने कल्याण रोड आसबीबी स्थित ब्रिज के कॉलम में बिना अनुमति लगे इशरत आउटलेट स्टोर्स के बैनर के खिलाफ शांतिनगर पुलिस स्टेशन में विभिन्न अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया है। उक्त मामले में शांतिनगर पुलिस बिना परमिशन बैनर लगाने वाले की जांच कर रही है।

# नासिक-पुणे सेमी हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट को मिलेगी गति

**नासिक।** राज्य में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन की भारी सफलता की बदौलत प्रस्तावित पुणे-नासिक सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना को गति मिली है। वर्षों से अटकी पड़ी इस परियोजना को लेकर अब केंद्रीय स्तर पर घोषणा होने की संभावना है, जिसमें वित्तपोषण का प्रावधान भी होगा। 232 किलोमीटर लंबी सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना का उद्देश्य महाराष्ट्र के 3 महत्वपूर्ण क्षेत्रों पुणे, नासिक और संगमनेर को जोड़ना है। इस परियोजना से इन क्षेत्रों में कृषि और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। शुरुआत में इस परियोजना को लेकर राज्य सरकार ने नासिक-सिन्नर-संगमनेर-नारायणगांव-पुणे से नासिक-सिन्नर-शिर्डी-पुणे तक के मार्ग को बदलने का प्रयास किया था।



# ऑटो रिक्शा में बैठी महिला का अज्ञात महिला ने उड़ाए आभूषण



**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

शादी समारोह में जा रही एक 66 वर्षीय महिला के साथ धामनकर नाका परिसर में चोरी की घटना घटित हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भिवंडी तालुका के कुंदे गांव निवासी राधिका गोविंद ठाकरे (66) अंजूर फाटा अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में जाने के लिए एस्टी स्टैंड से ऑटो रिक्शा में बैठी, उक्त रिक्शा में पहले से एक महिला बैठी हुई थी। वो धामनकर नाका से पहले उतर गई। अज्ञात महिला के रिक्शा से उतरने के बाद राधिका ठाकरे ने जब अपनी परस को देखा तो उसमें से 1.17 लाख मूल्य के सोने के आभूषण गायब थे। इस प्रकरण में शहर पुलिस स्टेशन ने महिला की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक मिथुन भोईर कर रहे हैं।

# ठाणे जिला परिषद की ओर से उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण मुहिम का शुभारंभ

**धर्मेंद्र उपाध्याय । ठाणे**

जिला परिषद क्षेत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की ओर से 8 दिसंबर को जिले के ग्रामीण क्षेत्र अंबरनाथ, कल्याण, भिवंडी, मुरबाड तहसील व बदलापूर व अंबरनाथ नगरपालिका में उपराष्ट्रीय पल्स पोलिओ मुहिम शुरू किया जायेगा। सभी बच्चों को प्राथमिक टीकाकरण, नियमित एएफपी सर्वेक्षण व पल्स पोलिओ टीकाकरण मुहिम के तहत0 से 5 साल के सभी बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए इस मुहिम का उद्देश्य है।



### 1995 से हर साल चल रही है यह मुहिम

राज्य में साल 1995 से हर साल यह मुहिम चल रही है ।ठाणे जिला परिषद के सभी स्वास्थ्य विभाग के केंद्र पर मुफ्त में टीकाकरण उपलब्ध है ।इसका लाभ लेने के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गंगाधर परगे ने किया है ।ग्रामीण क्षेत्रों में 0 से 5 साल के भीतर के 1लाख 8 हजार 724 बच्चों व बदलापुर अंबरनाथ नगरपालिका क्षेत्र में 68 हजार 833 कुल 1 लाख 77 हजार 557 बच्चों को पोलियो डोज देने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग ने किया है ।जिला परिषद क्षेत्र के अंतर्गत कुल 1हजार 403 बूथ पर टीकाकरण किया जायेगा ।इसके लिए 3 हजार 440 कर्मचारी कार्यरत रहेंगे ।पिछले साल 1 लाख 40 हजार 92 बच्चों को टीकाकरण किया जायेगा।

# ईवीएम विरोधी आंदोलन ने पकड़ा जोर



### राकांपा ने राष्ट्रपति को भेजा दस हजार पोस्टकार्ड

ठाणे। राकांपा विधायक दल के नेता डॉ. जीतेंद्र आव्हाड के मार्गदर्शन में ₹ईवीएम हटाओ...लोकतंत्र बचाओ₹ नारे के तहत आम नागरिकों के लगभग दस हजार पोस्टकार्ड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे।पिछले कुछ चुनावों में हुई धांधली के बाद जनता के मन में ईवीएम को लेकर संदेह बन गया है। वास्तविक मतदान और ईवीएम में मतदान के बीच बड़े अंतराल को लेकर नागरिकों के भीतर संदेह बना हुआ है। इस मामले को गंभीर और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करने वाला बताते हुए डॉ. जीतेंद्र आव्हाड के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष सुहास देसाई, कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटिल के नेतृत्व में ठाणे जिलाधिकारी कार्यालय के सामने हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और ईवीएम घोटाले के बारे में जनजागरूकता पैदा की गई।साथ ही नागरिकों से राष्ट्रपति को पत्र भेजने का आग्रह किया गया।

# आईएसएस अधिकारी संजीव हंस मामले में नागपुर समेत 13 स्थानों पर छापे

### पूर्व RJD MLC गुलाब यादव ने कालेधन को किया सफेद

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को बिहार के एक आईएएस अधिकारी पर रिश्वत व पद का दुरुपयोग करके अकूत संपत्ति कमाने का आरोप लगाया है। साथ ही मामले में शामिल पूर्व राजद एमएलसी गुलाब यादव को उनके कालेधन को सफेद करने का गुनहगार माना है।

प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जारी जानकारी में आरोप लगाया कि बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी संजीव हंस ने राज्य सरकार और केंद्र में अपने कार्यकाल के दौरान भ्रष्ट आचरण के माध्यम से आय से अधिक संपत्ति अर्जित की और इस गलत तरीके से अर्जित धन को सफेद करने में पूर्व राजद एमएलसी गुलाब यादव ने उनकी भरपूर मदद की है।



### 13 स्थानों पर छापे

संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने दोनों के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच में नए सिरे से तलाशी ली और मंगलवार को दिल्ली, गुरुग्राम, कोलकाता, जयपुर और नागपुर में 13 स्थानों पर छापे मारे।

बयान में कहा गया कि हंस के कुछ करीबी सहयोगियों और रियल एस्टेट तथा सेवा क्षेत्र से जुड़े लोगों के परिसरों की तलाशी ली गई। इस दौरान एजेंसी ने आरोप लगाया कि ईडी की जांच से पता चला है कि संजीव हंस ने बिहार सरकार में विभिन्न प्रमुख पदों पर रहते हुए और अपनी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान भी भ्रष्ट आचरण में लिप्त होकर अपराध की आय अर्जित की है।

### ईडी का आरोप

ईडी ने आरोप लगाते हुए कहा कि गुलाब यादव और अन्य सहयोगियों ने भ्रष्ट आचरण से अर्जित अवैध धन के शोधन में संजीव हंस की सहायता की है।" भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1997 बैच के अधिकारी हंस ने बिहार ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव के रूप में कार्य किया है, जबकि यादव राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व विधान परिषद सदस्य हैं। यादव ने 2015 से 2020 तक मधुबनी जिले की झंझारपुर विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया।

# पांच बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार



**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे में अवैध तरीके से रह रहे पांच बांग्लादेशी महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बधवार को इसकी जानकारी दी। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए मीरा भयंदर-वसई विरार अपराध शाखा के मानव तस्करी विरोधी सेल के कर्मियों ने दो नागरिकों के घर पर छापेमारी की। पुलिस ने मीरा रोड से दो बांग्लादेशी महिलाओं को पकड़ा। तीन अन्य महिलाओं को पुलिस ने नया नगर से पकड़ा। इन महिलाओं के पास भारत में रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। सभी महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

# लाडली बहन, 1 ट्रिलियन की इकोनॉमी



**समन्दर बनकर लौटे फडणवीस लेकिन लहरों की चुनौतियां कम नहीं**

**मुंबई।** बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस 5 दिसंबर को आजाद मैदान में महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां आजाद मैदान में चल रही हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में फडणवीस बीजेपी के सबसे ताकतवर और भरोसेमंद नेता माने जाते हैं। लेकिन अब सवाल यह कि फडणवीस 3.0 सरकार में बतौर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने कई चुनौतियां होगी।

### पहली चुनौती मेरी लाडली बहन योजना को जारी रखने की

महाराष्ट्र में बीजेपी की जीत के पीछे 'मेरी लाडली बहन योजना' का रोह अहम रहा है। महाराष्ट्र की 'मुख्यमंत्री- मेरी लाडली बहन योजना'में लाभार्थियों को 1500 रुपये दिए जाने हैं। महायुति ने ऐलान किया है कि अगर वो सत्ता में लौटी तो 1500 रुपये की रकम बढ़ा कर 2100 रुपये कर दी जाएगी। इस योजना से सरकार की तिजोरी पर 46000 करोड़ रूपये का बोझ आयेगा। ऐसे में सरकार के सामने इस योजना को जारी रखने के लिए आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

### ज्यादा से ज्यादा निवेश लाने की चुनौती

चुनाव से पहले बीजेपी की ओर से यह कहा गया था कि सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर 'विजन महाराष्ट्र 2028' पेश किया जाएगा और इसका लक्ष्य महाराष्ट्र को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। महाराष्ट्र राज्यों में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2022-23 में इसका जीएसडीपी 435 बिलियन डॉलर था। ऐसे में फडणवीस सरकार के सामने राज्य में अधिक से अधिक निवेश लाने की चुनौती होगी और महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर की ओर अग्रसर करना होगा।

### महानगरपालिका में बीजेपी को जीत दिलाने की चुनौती

महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन और वाधवान बंदरगाह के निर्माण को रफ्तार देने की चुनौती भी फडणवीस सरकार के सामने होगी। साथ ही जल्द होने जा रहे हैं बीएमसी समेत महाराष्ट्र की प्रमुख महानगरपालिका में बीजेपी को जीत दिलाने की चुनौती भी फडणवीस सराकर के सामने होगी।

# मुंबई में बुलेट ट्रेन परियोजना ने पकड़ी रफ्तार

## अंडरग्राउंड स्टेशन का पहला बेस स्लैब स्थापित

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

देश की पहली हाई-स्पीड ट्रेन, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना तेजी से प्रगति कर रही है। इसके तहत, मुंबई बुलेट ट्रेन स्टेशन का पहला कंक्रीट बेस स्लैब 30 नवंबर को कास्ट किया गया। यह स्लैब जमीन से लगभग 32 मीटर की गहराई पर स्थापित किया गया है, जो एक 10 मंजिला इमारत की ऊंचाई के बराबर है। स्टेशन का निर्माण ₹नीचे से ऊपर₹ तकनीक से किया जा रहा है, जिसमें खुदाई का काम जमीनी स्तर से शुरू किया गया है। यह बेस स्लैब 3.5 मीटर गहरा, 30 मीटर लंबा और 20 मीटर चौड़ा है। यह 69 स्लैबों में से पहला है, जो स्टेशन के सबसे गहरे हिस्से की नींव तैयार करेगा।



### बीकेसी: एकमात्र अंडरग्राउंड स्टेशन

बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में स्थित मुंबई बुलेट ट्रेन स्टेशन, मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (HSR) कॉरिडोर का एकमात्र भूमिगत स्टेशन है। इसे जमीन से करीब 24 मीटर की गहराई पर बनाया जा रहा है और इसमें तीन मंजिलें होंगी, जिनमें प्लेटफॉर्म, कॉनकोर्स और सर्विस फ्लोर शामिल होंगे। स्टेशन के निर्माण के लिए जमीन से 32 मीटर गहराई तक खुदाई की जा रही है। योजना के मुताबिक, स्टेशन पर 6 प्लेटफॉर्म होंगे, जिनकी लंबाई 415 मीटर होगी। यह लंबाई 16 कोच वाली बुलेट ट्रेन के लिए उपयुक्त है। इसके अलावा, इस स्टेशन को मेट्रो और सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा।

### मेट्रो से जुड़ेगा बीकेसी स्टेशन

परियोजना के तहत बीकेसी स्टेशन पर दो प्रवेश और निकास द्वार बनाए जाएंगे। इनमें से एक मेट्रो लाइन 2बी के पास स्थित मेट्रो स्टेशन से जुड़ा होगा और दूसरा एमटीएनएल भवन की ओर जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि यह डिजाइन यात्रियों के लिए बेहतर आवाजाही और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराएगा।

### पहला बेस स्लैब पूरा करना बड़ी उपलब्धि

एनएचएसआरसीएल के प्रबंध निदेशक विवेक कुमार गुप्ता ने बताया कि बीकेसी स्टेशन, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर का एकमात्र भूमिगत स्टेशन है। इसके निर्माण के लिए 18.7 लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी की खुदाई की जानी है, जिसमें से 52% खुदाई पहले ही पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। पहला बेस स्लैब पूरा करना परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

# सीतारमण ने बुलेट ट्रेन, मेट्रो कार शेड परियोजनाओं में देरी के लिए एमवीए सरकार को जिम्मेदार बताया



**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को पूर्ववर्ती ₹कांग्रेस नीत सरकार₹ पर मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन और आरे कॉलोनी में मुंबई मेट्रो कार शेड सहित महाराष्ट्र में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में रोड़े अटकाने का आरोप लगाया। सीतारमण ने दावा किया कि कांग्रेस, अविभाजित शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की पूर्ववर्ती महाविकास आघाडी (एमवीए) सरकार ने केंद्र सरकार द्वारा मुंबई के उपनगरीय रेलवे नेटवर्क की समस्याओं को हल करने का प्रयास किये जाने पर भी बाधाएं उत्पन्न कीं। सीतारमण ने राज्य भाजपा विधायक दल की बैठक में यह बात कही। इस बैठक में देवेंद्र फडणवीस को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया और अब वह भाजपा नीत सरकार के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर सीतारमण के साथ विजय रूपाणी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अगर महा विकास आघाडी सरकार के कार्यकाल के दौरान महाराष्ट्र में कांग्रेस सत्ता में नहीं होती तो मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन पहले ही शुरू हो गई होती। सीतारमण ने मुंबई मेट्रो परियोजना के तहत आरे कार शेड निर्माण में देरी पर भी सवाल उठाया।

# मुंबई डीआरआई ने जब्त किया 16 किलो नशीला पदार्थ



## 24 करोड़ कीमत, पांच गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय ने 16 किलो मेफेड्रोन बरामद किया। इसे हैदराबाद से मुंबई तक तस्करी कर एक बस में ले जाया जा रहा था। इसकी कीमत 24 करोड़ रुपये से भी अधिक है। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थ के साथ 1.9 करोड़ नकद भी बरामद किया गया है। खुफिया जानकारी के आधार पर, डीआरआई की मुंबई जोनल टीम ने दो संदिग्धों पर निगरानी रखी और उन्हें पकड़ लिया। उनके सामान की तलाशी लेने के दौरान डीआरआई के अधिकारियों ने 16 किलो पाउडर पदार्थ जब्त किए। जांच के बाद मालूम चला कि यह पाउडर मेफेड्रोन है। इसे हैदराबाद से तस्करी कर मुंबई लाया जा रहा था। दोनों आरोपियों के पूछताछ करने के बाद पुलिस ने तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया।

# IRCTC कराएगी महाकुंभ की यात्रा

**महाराष्ट्र से चलेगी 4 भारत गौरव ट्रेन**

**स्पेशल पैकेज का किया गया ऐलान**



**मुंबई।** आने वाले नए साल के शुरुआती माह जनवरी में प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आयोजन होने वाला है, जिसको लेकर इन दिनों यहां जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। महाकुंभ में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पवित्र स्नान करने के लिए पहुंचेंगे। इस विशाल और भव्य आयोजन में आने वाले लोगों की सुविधाओं के लिए आईआरसीटीसी ने यहां टेंट सिटी स्थापित करने की योजना बनाई है। इसके अलावा उसने कई खास यात्रा पैकेजों का ऐलान भी किया है।

भारत सरकार के रेल मंत्रालय के तहत इंडियन कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने आधिकारिक तौर पर महाकुंभ 2025 के लिए बुकिंग भी शुरू कर दी है। टेंट सिटी योजना को लेकर आईआरसीटीसी के एक अधिकारी ने बताया कि इसके तहत वे प्रयागराज में 400 टेंट की सुविधा देने जा रहे हैं। इसमें से 300 डीलक्स टेंट होंगे और 100 प्रीमियम टेंट होंगे।

### महाराष्ट्र से चलेंगी 4 भारत गौरव ट्रेन

अन्य घोषणाओं को लेकर उन्होंने बताया कि महाकुंभ के लिए वेस्ट जोन की तरफ से 4 भारत गौरव ट्रेन चलाई जा रही हैं, जिनमें से 2 ट्रेन पुणे से शुरू होंगी और मुंबई होते हुए बनारस जाएंगी। साथ ही एक ट्रेन राजकोट और एक ट्रेन नागपुर से चलाई जा रही है, ताकि लोग आराम से प्रयागराज की यात्रा कर सकें और कुंभ मेला 2025 का आनंद ले सकें। आईआरसीटीसी यह पैकेज रेलवे एवं हवाई जहाज दोनों से प्रदान कर रहा है।

### प्रयागराज के साथ वाराणसी और अयोध्या की भी होगी यात्रा

आईआरसीटीसी वेस्ट जोन के ग्रुप जनरल मैनेजर गौरव झा ने बताया कि टेंट में स्थापित की गई सुविधाएं यात्रियों को आराम, सुरक्षा, चिकित्सा सहायता, भोजन और अच्छी हॉस्पिटैलिटी प्रदान करेगी। यह टेंट घाटों से बेहद नजदीक होंगे, इसलिए टेंट में ठहरे लोगों को गंगा स्नान के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। टेंट सिटी के साथ-साथ आईआरसीटीसी ने महाकुंभ के लिए कई प्रकार के यात्रा पैकेज भी तैयार किए हैं, जिनमें रेल यात्रा, हवाई पैकेज और महाकुंभ पुण्य क्षेत्र यात्रा शामिल हैं।

# याचिकाएं दाखिल करना परियोजनाओं को बाधित करने का घटिया तरीका: कोर्ट

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने पुनर्विकास परियोजनाओं के खिलाफ गैर जरूरी याचिकाएं दायर करने के चलन की निंदा की और कहा कि यह परियोजनाओं को रोकने का सबसे घटिया तरीका बन गया है। न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति कमल खता ने 67 वर्षीय एक व्यक्ति द्वारा दायर की गयी याचिका 12 नवंबर को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता 83 साल पुराने एक बंगले में 1995 से बतौर किरायेदार रह रहा है। याचिकाकर्ता खिमीभाई हरजीवनभाई पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि उसे उम्मीद है कि यह गैर जरूरी एवं शरारतपूर्ण याचिकाएं दायर करने के विरूद्ध निवारक का काम करेगा।



### पूरा मामला समझें

किरायेदारी के अधिकार का दावा करते हुए याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि मकान मालिक उसे 'किसी भी तरह और कपटपूर्ण तरीके से' बेदखल करने का प्रयास कर रहा है। अदालत ने यह याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह पुनर्विकास के काम को बाधित करने के मकसद से दायर की गयी है जबकि बाकी सारे किरायेदार बंगले को खाली कर चुके हैं। अदालत के आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध करायी गयी।

# IIT बॉम्बे ने बनाया ओपन सोर्स वेब आधारित एप

## पानी की सतह के तापमान को ट्रैक करने में मिलेगी मदद

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

आईआईटी बॉम्बे ने एक ओपन सोर्स वेब आधारित एप्लिकेशन इम्पार्ट (IMPART) बनाया है। इससे शोधकर्ता बदलते पानी की सतह के तापमान को ट्रैक कर सकते हैं, जिससे उन्हें जलवायु परिवर्तन पर नजर रखने में मदद मिलेगी। इस्टीट्यूट ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। एक बयान जारी कर उन्होंने बताया कि इम्पार्टअपने क्षेत्रों में गतिशील परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए झील के पानी की सतह के तापमान की गणना करता है।



### भारत की 115 झीलें शामिल

आईआईटी बॉम्बे में सिविल इंजीनियरिंग और इंटरडिसिप्लिनरी सेंटर फॉर क्लाइमेट स्टडीज विभाग के प्रोफेसर जे. इंदु ने कहा, ₹झील के पानी की सतह की सीमा में गतिशील परिवर्तनों को ध्यान में रखने से इसके सतह के तापमान अनुमानों की सटीकता में काफी सुधार होता है। इम्पार्ट टूलकिट ने दुनिया भर की 342 झीलों के लिए स्टैटिक और डाइनमिक झील के पानी की सतह के तापमान की गणना की। इसमें भारत की 115 झीलें शामिल हैं।

**शब्बीर निवास विवाद**

# मेहरा बिल्डर के पक्ष में फैसला

**मुंबई।** मेहरा बिल्डर और शब्बीर निवास के बीच वर्षों से चला आ रहा कानूनी विवाद आखिरकार मेहरा बिल्डर के पक्ष में समाप्त हुआ। अदालत के फैसले के बाद शब्बीर निवास के रहवासियों को 15 दिनों की नोटिस दी गई थी, जो 29 नवंबर 2024 को खत्म हो गई। इसके बाद 5 दिनों की अतिरिक्त मोहलत दी गई, लेकिन बुधवार को अचानक



इमारत में तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी गई।

### आम जनता का क्या होगा?


सबसे बड़ा सवाल यह है कि यहां सालों से रह रहे 30-35 परिवार अब कहां जाएंगे? विवाद तो बिल्डर और जमीन मालिक के बीच है, लेकिन इसका खामियाजा गरीब और आम किरायेदारों को भुगतना पड़ रहा है। इन परिवारों के लिए कोई पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे वे न्याय की गुहार लगा रहे हैं।रहिवासियों का कहना है कि उन्हें कम से कम 2-3 महीने का समय दिया जाना चाहिए था ताकि वे कोई वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए न्याय की मांग की है।

# महाराष्ट्र की नई विधानसभा का विशेष सत्र 7 दिसंबर से

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बुधवार को महायुति के नेताओं ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। देवेंद्र फडणवीस 5 दिसंबर को दक्षिण मुंबई के आजद मैदान में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेंगे। इसके अवाला दो उपमुख्यमंत्री भी शपथ लेंगे। तो वहीं विधायकों के शपथ ग्रहण की तारीख भी सामने आ गई है। महाराष्ट्र विधानसभा का तीन दिवसीय विशेष सत्र 7 दिसंबर से मुंबई में आयोजित किया जाएगा, जिसमें नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे और विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। जानकारी के मुताबिक राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 से 21 दिसंबर तक नागपुर में आयोजित किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि नवनिर्वाचित विधायकों को 7 और 8 दिसंबर को शपथ दिलाई जाएगी और 9 दिसंबर को नवगठित 15वीं विधानसभा के अध्यक्ष के लिए चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद नयी महायुति सरकार का बहुमत परीक्षण होगा। उन्होंने कहा कि शाम चार बजे राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन विधानमंडल के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे।

### 16 दिसंबर से शुरू होगा शीतकालीन सत्र



सूत्रों ने बताया कि बाद में दोनों सदनों की बैठक बुलाई जाएगी और दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के लिए शोक प्रस्ताव और राज्यपाल के अभिभाषण को चर्चा के लिए पेश करने पर विचार-विमर्श होगा। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शीतकालीन सत्र में 16 से 21 दिसंबर तक नागपुर में होगी।सूत्रों ने बताया कि 7 दिसंबर से विशेष सत्र आयोजित करने का एजेंडा गुरुवार को नए मुख्यमंत्री शपथ लेने के बाद मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के 13 दिन बाद यह बैठक होगी। मंत्रिमंडल का प्रस्ताव मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा।

# मनपा अस्पतालों की सहायक नर्सों को पांच महीने से वेतन नहीं

**वेतन का भुगतान नहीं होने पर काम बंद आंदोलन का ऐलान**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई मनपा के स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात नई भर्ती की 325 सहायक नर्सों के सामने भुखमरी का संकट है। इन्हें जुलाई में सेवा में लिये जाने के बाद से ही वितन भुगतान नहीं हो पाया है। ऐसे में नाराज नर्सों ने मनपा प्रशासन को चेतावनी दी है कियदि जनवरी तक वेतन नहीं मिला तो वेकाम बंद आंदोलन करेंगी।

### मनपा के स्वास्थ्य केंद्रों की रीढ़ की हड्डी हैं सहायक नर्सें

सहायक नर्सें मनपा के स्वास्थ्य केंद्रों की रीढ़ की हड्डी मानी जाती हैं। प्रसूति गृहों में सहायक नर्स का पद रिक्त होने के कारण मुंबई मनपा प्रशासन ने स्वास्थ्य केंद्रों में खाली पदों पर भर्ती का निर्णय लिया था।

इसके तहत जुलाई में 325 सहायक नर्सों की भर्ती की गई थी। लेकिन इन नवनियुक्त सहायक नर्सों का कोड नंबर तैयार नहीं होने से पिछले पांच माह से इनका वेतन भुगतान नहीं हो सका है। बार-बार प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी इनका वेतन कोड नंबर तैयार नहीं किया गया है।

नौकरी पर बहाल होने के बाद से इन्हें अभी तक वेतन नहीं मिल पाया है।



### मकान का किराया तक नहीं भर पा रही है

स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्त अधिकांश सहायक नर्सें मुंबई के बाहर से हैं। इसलिए कुछ सहायक नर्सें मुंबई में किराए के मकान में रह रही हैं। वेतन न मिल पाने की वजह से वे घर का किराया देने में असमर्थ हैं। इसलिए मकान मालिकों ने उनसे घर खाली करने को कहा है। कुछ अपने रिश्तेदारों के साथ रह रही हैं, लेकिन उन्हें हर दिन काम पर जाने के लिए वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में बहुत सीनर्सें गांव से पैसे मंगाकर अपनी जीविका चला रही हैं।

### काम बंद आंदोलन करेंगी

सहायक नर्स पांच महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण द म्यूनिसिपल यूनियन के माध्यम से मुंबई मनपा के आयुक्त और प्रशासक भूषण गगरानी से तुरंत वेतन देने का अनुरोध किया है। द म्युनिसिपल यूनियन के महासचिव रमाकांत बने ने बताया कि उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि अगर जनवरी तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो वे काम बंद आंदोलन करेंगी।

IDBI BANK

**आईडीबीआई बैंक लिमिटेड**

भिवंडी शाखा के सभी मूल्यवान ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि शाखा दिनांक 16.12.2024 से नए स्थान पर स्थानांतरित हो जाएगी। "नया स्थान मौजूदा परिसर के ठीक सामने है।" नया पता 219/1, भूतल, राजाराम आर्केड, लाहोटी कंपाउंड, डिजी-1 के पास, कल्याण रोड, भिवंडी-421302


संपादकीय

# मुफ़्त की बड़ी कीमत

सत्ता हासिल करने के लिये शॉर्टकट रास्ता अख्तियार कर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की कीमत अब पंजाब और हिमाचल चुका रहे हैं। दोनों राज्य फिलहाल गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। निश्चित तौर पर यह आर्थिक संकट चुनावी अभियानों के दौरान किए गए लोकलुभावन वायदों के चलते ही उत्पन्न हुआ है। जिसके कारण पिछले दिनों हिमाचल में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन देने में व्यवधान देखा गया। पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने मतदाताओं को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का वायदा किया था। सत्ता में आने पर राज्य सरकार ने अपने वायदे को अमली जामा पहनाया। जिसके चलते चालू वित्त वर्ष के लिये बीस हजार करोड़ से अधिक सब्सिडी बिल आया है। इसी तरह कांग्रेस के नेतृत्व वाली हिमाचल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को खुश करने के लिये पुरानी पेंशन लागू करने का वायदा किया। यह तय था कि इस घोषणा से राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस आसन्न संकट को महसूस करते ही विगत में केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन योजना से हाथ खींच लिया था। लेकिन अब हिमाचल सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस को पुनर्जीवित करने से, पहले से ही संकटग्रस्त सरकारी खजाने पर एक बड़ा बोझ और बढ़ गया है। वहीं पंजाब में सब्सिडी भुगतान में देरी से पंजाब की स्थिति और खराब हो गई है। लंबित बिल साढ़े चार हजार करोड़ से अधिक हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल की बिल संग्रह दक्षता में भारी गिरावट आई है। दरअसल, पीएसपीसीएल पहले ही ट्रांसमिशन घाटे में वृद्धि के संकट से जूझ रहा है। हालांकि, पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिजली के बिल के बकायादारों और कतिपय सरकारी विभागों से बकाया धनराशि वसूलने से राजस्व बढ़ाने के प्रयासों में कुछ राहत जरूर मिली है। लेकिन कुल मिलाकर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिसकी कीमत कालांतर राज्य की आर्थिकी को ही चुकानी होगी। निश्चित तौर पर पंजाब को मुफ्त की बिजली देने से उत्पन्न संकट से जल्दी राहत मिलने के आसार नजर नहीं आते। राज्य फिलहाल उधार हासिल करने की सीमा के करीब पहुंच गया है। जिसके चलते मुफ्त बिजली योजना चलती रह सकेगी, इसमें संदेह है। कमोबेश हिमाचल प्रदेश भी ऐसे ही संकट से दो चार है। राज्य की वित्तीय बदहाली इस बात की गवाह है। पुरानी पेंशन योजना की बहाली ने राज्य के वित्तीय दायित्वों को बढ़ा दिया है। जिसके चलते वेतन और पेंशन से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिये मासिक रूप से दो हजार करोड़ की अतिरिक्त आवश्यकता होती है। जो वित्तीय दिक्कतों की अंतहीन श्रृंखला को जन्म दे रही है। राज्य 6200 करोड़ की अपनी ऋण सीमा समाप्त होने के बाद, अपने रोजमर्रा के खर्चों को प्रबंधित करने के लिये भविष्य की उधारी पर निर्भर होता जा रहा है। आर्थिक मामलों के जानकार चिंता जता रहे हैं कि राज्य की आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है क्योंकि अगले वित्तीय वर्ष में केंद्र का राजस्व घाटा अनुदान आधा होने की बात कही जा रही है। वहीं अपनी लोकलुभावनी नीतियों के दुष्प्रभावों को नजरअंदाज करके दोनों राज्यों की सरकारों ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर फंड रोकने और भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप ही लगाया है। वहीं दूसरी ओर पूंजी निवेश योजना के लिये विशेष सहायता से हिमाचल को बाहर किए जाने पर तल्ख राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई है। कुछ ऐसे ही पंजाब सरकार भी विकास निधि के आवंटन में पक्षपात का आरोप केंद्र सरकार पर लगाती रही है। जबकि यह एक हकीकत है कि चुनावी लोकलुभावनवाद से प्रेरित अस्थिर राजकोषीय नीतियां ही संकट के मूल में हैं। यह टकसाली सत्य है कि राज्य सरकारें बढ़ते कर्ज और घटते राजस्व के चलते वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। यह वक्त की दरकार है कि राज्य सरकारें अपना ध्यान खैरात बांटने के बजाय संरचनात्मक सुधारों पर केंद्रित करें। दरअसल, राज्यों को वित्तीय संकट से उबारने के लिये राजकोषीय विवेक, कुशल कर संग्रह और तार्किक सब्सिडी समय की मांग है।

## शख्सियत — जोश मलीहाबादी

### उर्दू के महान शायर




जोश मलीहाबादी का असली नाम शबीर अहमद था, लेकिन वे अपनी शायरी के लिए 'जोश' के नाम से प्रसिद्ध हुए। उनका जन्म 5 दिसंबर 1898 को उत्तर प्रदेश के मलीहाबाद शहर में हुआ था। जोश मलीहाबादी को उर्दू साहित्य में उनके शानदार और प्रभावशाली शेरों के लिए याद किया जाता है। वे अपने समय के सबसे बड़े शायरों में से एक माने जाते हैं।

जोश की शायरी में हमेशा एक तीव्र भावना और देशभक्ति की झलक देखने को मिलती थी। उनका शेर 'ख़ूनी हैं तेरे ज़मीरों की यह आवाज़ें' और 'पानी भी झलकता है तुझे होशो हवास में' जैसे शेरों ने उन्हें उर्दू शायरी के शीर्ष स्थान पर पहुँचाया। उनका काव्य जीवन केवल व्यक्तिगत प्रेम और दुःख से नहीं बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों से भी गहरा जुड़ा था।

जोश मलीहाबादी ने पाकिस्तान और भारत दोनों देशों में ही अपनी शायरी से लोगों को प्रेरित किया। उनका जीवन एक संघर्षमयी जीवन था, जिसमें उन्होंने विभाजन, गरीबी और असहमति के बावजूद अपने लेखन को जारी रखा। उनके लेखन में शेरों का जोश, भावनाओं का तीव्र उबाल, और शब्दों की ताकत थी।

जोश मलीहाबादी का लेखन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से प्रेरित था, और उन्होंने अपनी शायरी के माध्यम से देशभक्ति की भावना को जागृत किया। उनके काव्य संग्रह 'जोश की शायरी' और 'जोश-ए-इश्क' बहुत प्रसिद्ध हुए। उन्होंने उर्दू साहित्य को समृद्ध किया और आज भी उनकी शायरी लोगों के दिलों में जीवित है। जोश मलीहाबादी का निधन 22 फरवरी 1982 को हुआ, लेकिन उनकी शायरी आज भी लोगों के दिलों में गूंजती है। उनकी कविता और शेर उर्दू साहित्य के अमूल्य धरोहर हैं।

# नकली भारतीय मुद्रा से अर्थव्यवस्था के अस्थिर होने का खतरा



नन्तू बनर्जी

नकली मुद्राएं वैश्विक समस्या उत्पन्न करती हैं। यू.एस. डॉलर को दुनिया की सबसे ज़्यादा जाली मुद्रा कहा जाता है। कुछ नकली यू.एस. डॉलर बहुत उच्च गुणवत्ता के बताये जाते हैं। धोखेबाज़ उन्हें वैध मुद्रा के रूप में बेचने की कोशिश करते हैं, या उनका उपयोग ऋ ण या क्रेडिट लाइन प्राप्त करने के लिए करते हैं। 2002 में मुद्रा लॉन्च होने के बाद से दूसरा सबसे लोकप्रिय नकली बैंक नोट यूरो है।

अह गंभीर चिंता का विषय है कि महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 500 रुपये के नकली नोटों की संख्या 2018-19 और 2023-24 के बीच लगभग चार गुना, और 2020-21 से 2,000 रुपये के नकली नोटों की तीन गुना हो गयी है। ध्यान रहे कि 2,000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने हुए हैं और इन्हें रिजर्व बैंक के कार्यालयों में बदला जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मई 2023 में 2000 के मुद्रा नोटों को वापस लेने के कदम के बाद से इनमें से 98 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। लेकिन 500 और 200 रुपये के नकली नोटों का तेजी से बढ़ता प्रचलन चिंता का विषय बन गया है। 500 रुपये के नोट रोजमर्रा के लेन-देन की रीढ़ बन गये हैं और पिछले कुछ सालों में इसके प्रचलन में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। सरकार और रिजर्व बैंक दोनों ही इस बात से चिंतित हैं। पिछले हफ्ते केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने देश में नकली नोटों के बढ़ते प्रचलन को लेकर लोकसभा में चिंता जताई थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2018-19 में 2,18,650 लाख पीस नकली नोट पकड़े गये थे। 2022-23 में यह 9,11,100 लाख के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 में थोड़ा कम होकर 8,57,110 लाख हो गया। यह 2018-19 में पकड़े गये2,18,650 लाख पीस से काफी अधिक है। हालांकि, पकड़े नहीं गये नकली नोटों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल है। आमतौर पर ये ग्रामीण या अर्ध-शहरी बाजारों में प्रचलन में होते हैं। संचालक और ग्राहक पहचान से बचने के लिए बैंकों से बचते हैं। नकली भारतीय मुद्रा नोटों का उपयोग मुख्य रूप से देश की अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने और आर्थिक आतंक पैदा करने के लिए आतंकवादी गतिविधियों में किया जाता है। माना जाता है कि पश्चिम बंगाल और असम की सीमाएं बांग्लादेश, पाकिस्तान और नेपाल से नकली भारतीय मुद्रा के प्रमुख प्रवेश बिंदु हैं। कहा जाता है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों ही देश के पूर्वी हिस्से में नकली भारतीय मुद्रा भेजने के लिए नेपाल का उपयोग कर रहे हैं।

हाल ही में, पुलिस द्वारा नकली मुद्रा संचालन पर एक बड़ी कार्रवाई में, असम के गोलाघाट शहर के गुलाम पट्टी क्षेत्र से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अत्याधुनिक मुद्रा मुद्रण उपकरण और विभिन्न मूल्यवर्ग के नकली नोट जब्त किये और प्रमुख संचालकों के रूप में ब्रांडेड दुदु अली और राजीबुद्दीन अहमद सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया। हालांकि, सरगना गिरफ्तारी से बचे रहने में कामयाब रहे।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के एक अनुमान से पता चला है कि देश में जब्त किये गये कुल नकली नोटों का लगभग 80 प्रतिशत मालदा, मुर्शिदाबाद और नादिया के तीन भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती जिलों से आता है। इन तीन जिलों से भेजी जाने वाली नकली नोटों की सबसे ज़्यादा मात्रा मालदा से आती है। बांग्लादेश न सिर्फ़ नकली भारतीय नोटों के लिए एक अहम ज़रिया है, बल्कि वहां नकली नोट भी छापे जा रहे हैं। बांग्लादेश की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के इन तीन मुस्लिम बहुल जिलों के ज़रिये इन्हें देश में भेजा जाता है। इन जिलों के युवाओं का एक बड़ा हिस्सा गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में ठेके पर मज़दूरी करके अपनी आजीविका चलाता है। कहा जाता है कि उनमें से कई बांग्लादेश के ज़रिये तस्करी करके लाये गये नकली भारतीय नोटों के कूरियर के तौर पर इस्तेमाल किये जाते हैं। हाल ही में, बांग्लादेश में नकली भारतीय नोटों की आपूर्ति और वितरण नेटवर्क काफ़ी बढ़ गया है। हाल ही में सीमा के ज़रिये भारत में जाली भारतीय मुद्रा के अवैध प्रेषण में तेज़ी आई है, जो चिंता का विषय बन गया है। कुछ समय पहले ही ढाका में पुलिस ने बड़ी संख्या में जाली भारतीय मुद्रा नोटों से भरी बोरियां जब्त की थीं। ढाका में स्थानीय मीडिया ने बांग्लादेश पुलिस के हवाले से कहा कि पाकिस्तान में लाहौर स्थित एक सिंडिकेट ऐसे जाली नोट छापता है, जिन्हें फिर संगमरमर के पत्थरों से भरे कंटेनरों में श्रीलंका के ज़रिये बांग्लादेश ले जाया जाता है। भारत में तस्करी से पहले सिंडिकेट के सदस्यों के घरों में ' विशेष कक्षों में खेप छिपाई जाती है। बांग्लादेश में जाली भारतीय मुद्रा नोटों के उछाल का पता भारतीय पुलिस ने एक जांच के बाद लगाया था।

दुनिया के सबसे ज्यादा नकली नोटों में शामिल हैंः अमेरिकी डॉलर, ब्रिटिश पाउंड, यूरो, ऑस्ट्रेलियाई डॉलर, फिलीपीनपेसो, कनाडाई डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड, न्यूजीलैंड डॉलर और मलेशियाईरिंगिट। संयोग से, ये सभी परिवर्तनीय मुद्राएं हैं। दूसरी ओर, भारतीय रुपया केवल आंशिक रूप से परिवर्तनीय है। जबकि इसे वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार के लिए स्वतंत्र रूप से विदेशी मुद्रा में और इसके विपरीत परिवर्तित किया जा सकता है, यह पूंजी खाते में पूरी तरह से परिवर्तनीय नहीं है जिसका अर्थ है कि इसे केवल सीमित कारणों से विदेशी मुद्राओं में और इसके विपरीत बदला जा सकता है। इस प्रकार, नकली भारतीय मुद्रा ज्यादातर भारतीयों की समस्या बनी हुई है।


## जीवन मंत्र — पाउलो कोएल्हो

# धारा से कटकर जीना

एक बेहद सर्द रात फादर जुआन के घर आए। जुआन ने मन ही मन सोचा कि यह मुझे फिर से चर्च आने के लिए मनाने आए होंगे। चर्च न आने की असली वजह (उबाऊ प्रवचन) वह बता नहीं सकता था, इसलिए उसे कुछ और बहाना ढूंढ़ना पड़ा।

जुआन अपनी बस्ती के चर्च की सेवाओं में हर रविवार को हिस्सा लेता था। लेकिन आहिस्ता-आहिस्ता उसे यह महसूस हुआ कि फादर हमेशा एक ही बात करते हैं, इसलिए उसने चर्च जाना बंद कर दिया। लगभग दो महीने बीते होंगे। एक बेहद सर्द रात फादर जुआन के घर आए। जुआन ने मन ही मन सोचा कि यह मुझे फिर से चर्च आने के लिए मनाने आए होंगे। चर्च न आने की असली वजह (उबाऊ प्रवचन) वह बता नहीं सकता था, इसलिए उसे कुछ और बहाना ढूंढ़ना पड़ा। जुआन ने सुलगती अंगीठी के पास दो कुरसियां खींच लीं और पादरी से मौसम के बारे में बातें करने लगा।

पादरी ने कुछ नहीं कहा। बातचीत आगे बढ़ाने की कुछ नाकाम कोशिशों के बाद आखिरकार जुआन भी चुपचाप बैठ गया। वे दोनों लगभग आधे घंटे तक एक-दूसरे से बिना कुछ बोले बस आग को निहारते रहे। फिर फादर उठे, और एक टहनी की मदद से, जो अभी तक पूरी जली नहीं थी, एक अंगारे को



खींचकर उसे आग से दूर कर दिया। जलने के लिए पर्याप्त ताप न मिलने के कारण अंगारा बुझने लगा। जुआन ने तुरंत उसे वापस फिर से आग के बीच धकेल दिया।

शुभ रात्रि कहते हुए फादर जाने को उठ खड़े हुए। जुआन ने भी उनके अभिवादन में 'आपका बहुत शुक्रिया और शुभ रात्रि कहा।' चलते-चलते पादरी ने कहा, अंगारा चाहे कितना ही चमकीला क्यों न हो, आग से अलग होकर वह जल्दी बुझ जाएगा। मनुष्य चाहे जितना भी चतुर क्यों न हो, अपने पड़ोसियों से दूर रहकर वह अपनी ऊर्जा और अपने भीतर की आग को कभी नहीं बचा सकेगा!


## जीवन ऊर्जा

वर्नर हाइजेनबर्ग : जन्म- 5 दिसंबर 1901 — जन्म

# सत्य तक पहुंचने का कोई शॉर्टकट नहीं है

वर्नर हाइजेनबर्ग एक प्रसिद्ध जर्मन भौतिक विज्ञानी थे, जिन्होंने क्वांटम यांत्रिकी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जन्म 5 दिसंबर 1901 को हुआ था और 1 फरवरी 1976 को उनका निधन हो गया। हाइजेनबर्ग को 'हाइजेनबर्ग अनसर्टेनिटी प्रिंसिपल' के लिए जाना जाता है।

ब्रह्मांड न केवल हमारी सोच से अधिक अजीब है, बल्कि यह हमारी सोच से भी अधिक अजीब है। हम जो देखते हैं वह प्रकृति नहीं है, बल्कि प्रकृति हमारे प्रश्न पूछने के तरीके से उजागर होती है। पहला निगल गर्मी का मौसम नहीं लाता, लेकिन यह इस बात का संकेत है कि गर्मी आने वाली है। हम प्रकृति को जितना गहराई से देखते हैं, उतना ही हम देखते हैं कि यह आपस में कैसे जुड़ी हुई है। विज्ञान में, सत्य तक पहुंचने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है। भौतिकी में प्रत्येक प्रयोग सत्य को जानने का एक प्रयास है, लेकिन इस प्रक्रिया में, यह हमारी मान्यताओं की सत्यता को सत्यापित करने का भी प्रयास है। अंतरिक्ष और समय की अवधारणाओं



को एक एकीकृत सिद्धांत में संयोजित करने का प्रयास आधुनिक भौतिकी के सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों में से एक है। जिसे हम प्रकृति का रहस्य कहते हैं, वह केवल इसके बारे में जानने की क्षमता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रश्न करना बंद न करें। यह खोज नहीं है, यह जोखिम लेने की इच्छा है जो प्रगति की कुंजी है। हम प्रकृति से हमेशा उससे अधिक सीख सकते हैं जो हम पहले से जानते हैं। आप हमेशा यह नहीं बता सकते कि प्रकृति में क्या हो रहा है, बस उसे देखकर; आपको सवाल करने की ज़रूरत है। ब्रह्मांड के बारे में हमारे विचार हमारे अपने अनुभव की सीमाओं से सीमित हैं। ज्ञान सिर्फ़ अवलोकन से नहीं आता, बल्कि ऐसे पैटर्न खोजने से आता है जो हमें गहरे सत्य को समझने में मदद करते हैं। विज्ञान सत्य की खोज है। हम सिर्फ़ दुनिया के दर्शक नहीं हैं, बल्कि अर्थ और ज्ञान के निर्माण में भागीदार हैं। सबसे बड़ी खोजें पारंपरिक ज्ञान को चुनौती देने और सीमाओं से परे सोचने से आती हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश




# भागवत कथा सुनने से आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है

जब महात्मा गोकर्ण जी ने महाप्रेत धुंधुकारी के उद्धार के लिए श्रीमद्भागवत की कथा सुनायी थी तब धुंधुकारी के बैठने के लिए कोई बांस की अलग से व्यवस्था नहीं की थी, बल्कि उसके बैठने के लिए एक सामान्य आसन ही बिछाया गया था।

महात्मा गोकर्ण जी ने धुंधुकारी का आह्वान किया और कहा भैया धुंधुकारी आप जहाँ कहीं भी हों आकरके इस आसन पर बैठ जाईए। यह भागवत जी की परम् पवित्र कथा विशेषकर तेरे लिए ही हो रही है। इसको सुनकर तुम इस प्रेत योनि से मुक्त हो जाओगे। अब धुंधुकारी का कोई शरीर तो था नहीं। जो आसन पर स्थिर रहकर भागवत जी की कथा सुन पाते। वह जब जब आसन पर बैठने लगता हवा का कोई झोंका आता और उसे कहीं दूर उड़ाकर ले जाता। ऐसा उसके साथ बार-बार हुआ।

वह सोचने लगा कि ऐसा क्या किया जाये कि मुझे हवा उड़ा ना पाए और मैं सात दिन तक एक स्थान पर बैठकर भागवत जी की मंगलमयी कथा सुन पाऊँ। जिससे मेरा उद्धार हो जाये और मेरी मुक्ति हो जाये। वह सोचने लगा कि मेरे तो अब माता-पिता भी नहीं हैं, जिनके भीतर प्रवेश करके या



उनके माध्यम से मैं कथा सुन पाता वो भी मेरे ही कारण मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं। मेरे परिवार का तो कोई सदस्य भी नहीं बचा, जिनके माध्यम से मैं भागवत जी की मोक्षदायिनी कथा सुन पाऊँ। अब तो सिर्फ मेरे सौतेले भाई महात्मा गोकर्ण ही बचे हैं, जिनका जन्म गऊ माता के गर्भ से हुआ है, लेकिन उनके अन्दर मैं कैसे प्रवेश कर सकता हूँ। क्योंकि वो तो पवित्र व्यास पीठ पर बैठकर मुझे परमात्मा की अमृतमयी कथा सुनाने के लिए उपस्थित हैं। वह धुंधुकारी महाप्रेत ऐसा विचार कर ही रहा था कि उसने देखा जहाँ व्यास मंच बना हुआ है। वहाँ बांस का एक बगीचा भी है और उसकी नजर एक सात पोरी के बांस पर पड़ी। यह सोचकर कि बांस में हवा का प्रकोप नहीं होगा। सो वह बांस के अन्दर प्रवेश कर गया और बांस की पहली पोरी में जाकर बैठ गया।

पहले दिन की कथा के प्रभाव से बांस की पहली पोरी चटक गयी। धुंधुकारी दूसरी पोरी में जाकर बैठ गया। दूसरे दिन की कथा के प्रभाव से दूसरी पोरी चटक गयी। धुंधुकारी तीसरी पोरी में जाकर बैठ गया। ऐसे ही प्रतिदिन की कथा के प्रभाव से क्रमशः बांस की एक-एक पोरी चटकती चली गयी। और जब अन्तिम सातवें दिन की कथा चल रही थी तो धुंधुकारी महाप्रेत भी अन्तिम सातवीं पोरी में ही बैठा हुआ था। अब जैसे ही अन्तिम सातवें दिन भागवत जी की कथा का पूर्ण विश्राम हुआ तो बांस बीच में से दो फाड़ हो गया और धुंधुकारी महाप्रेत देवताओं के समान शरीर धारण करके प्रकट हो गया।

उसने हाथ जोड़कर बड़े ही विनय भाव से महात्मा गोकर्ण जी का धन्यवाद किया और कहा भैया जी मैं आपका शुक्रिया किन शब्दों में करुँ। मेरे पास तो शब्द भी नहीं हैं आपने जो परमात्मा की मंगलमयी पवित्र कथा सुनाई देखो उस महाभयंकर महाप्रेत योनि से मैं मुक्त हो गया हूँ। और मुझे अब देव योनि प्राप्त हो गयी है आपको मेरा बारंबार प्रणाम तभी सबके देखते-देखते धुंधुकारी के लिए भगवान के धाम से सुन्दर विमान आया और धुंधुकारी विमान में बैठकर भगवान के धाम को चले गए। सही मायने में सात पोरी का बांस और कुछ नहीं हमारा अपना शरीर ही है। हमारे शरीर में मुख्य सात चक्र हैं। मूलाधार चक्र, स्वाधिष्ठान चक्र, मणिपुर चक्र, अनाहद चक्र, विशुद्ध चक्र, आज्ञा चक्र और सहस्रार चक्र। यदि किसी योग्य गुरु के सानिध्य में रहकर प्राणायाम का अभ्यास करते हुए मनोयोग से सात दिन की कथा सुनें तो उसको आत्म ज्ञान प्राप्त हो जाता है और उसकी कुण्डलिनी शक्ति पूर्णरुप से जागृत हो जाती है। इसमें कोई शक नहीं है। यह सात पोरी का बांस हमारा ही शरीर है।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## सक्सेस मंत्र

### असफलता के डर को साइड कर आगे बढ़ाएं कदम

असफलता का डर इतना बड़ा होता है, कुछ लोग अपनी मंजिल की ओर कदम ही नहीं बढ़ा पाते हैं। आपको जब भी लगे कि आपका आत्मविश्वास डगमगा रहा है, तो अपने आपसे यही सवाल पूछें कि अगर सफल नहीं हुए तो ज्यादा से ज्यादा बुरा क्या हो सकता है? साथ ही यह भी सोचें कि अगर जीत गए तो? जिस पल दिलो-दिमाग बुरे के लिए तैयार होंगे, समझ जाइए उसी पल आधी जीत तो पक्की हो गई। यही बात हमारी आज की कहानी में भी बताई गई है। एक हास्य कलाकार रेडियो स्टेशन में काम करता था। उसका प्रोग्राम काफी लोकप्रिय था। एक दिन उसके पास एक अखबार से फोन आया कि वे उसपर लेख लिखना चाहते हैं। इंटरव्यू पूरा हुआ तो उससे पूछा गया कि आप आगे क्या करने की सोच रहे हैं? तब तक उसने अपने भविष्य के बारे में कुछ भी नहीं सोचा था। एकदम से उसके मुंह से निकला कि मैं सबसे तेज बोलने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना चाहता हूं।

अखबार में अगले दिन वह लेख छपा और इत्तेफाक से उसी दिन शाम को उसके पास एक अन्य शो का ऑफर आया। शो के संचालक चाहते थे कि उसी रात उनके प्रोग्राम पर वह शख्स रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करे। वह व्यक्ति बड़ी कशमकश में फंस गया था। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि वह हां करे या ना करे। उसने पहले कभी शो का नाम नहीं सुना था। बताया गया कि वह नेशनल टेलीविजन का बड़ा शो था। किसी के लिए भी यह जिंदगी का ऐसा मौका था, जो दोबारा नहीं मिलने वाला था। कुछ देर सोचने के बाद उसने शो के संचालक को अपनी सहमति दे दी। फोन रखने के साथ ही वह सोच में पड़ गया कि मैं शो पर क्या करूंगा। वह घबराया हुआ था और उत्साहित भी। रात 8 बजे गाड़ी उसे लेने आ गई। वह पूरे रास्ते अभ्यास करता रहा। पर स्टूडियो में पहुंचने पर उसकी बोलती बंद हो गई। उसके मन में कई सवाल उमड़ रहे थे कि अगर मैं रिकॉर्ड न तोड़ पाया तो? यहां भी सबसे बुरा क्या हो सकता है, यह कि मैं नेशनल टेलीविजन पर एक मूर्ख जैसा लगूंगा और इसके उलट मैंने रिकॉर्ड तोड़ दिया तो। मन में इन सवाल-जवाबों के बीच वह परीक्षा की उस घड़ी में कूद गया। शो खत्म होने तक वह 1 मिनट में 585 शब्द बोलकर सबसे तेज बोलने वाला पुरुष बन चुका था।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# सैलरी की बात ! अब डर कैसा ?

सैलरी की बातचीत का नाम सुनते ही दिल की धड़कन तेज हो जाती है, है ना? यह वो पल होता है जब आप खुद को अपने करियर के सुपरहीरो की तरह महसूस कर सकते हैं, लेकिन अगर तैयारी न हो, तो ये पल डरावना भी लग सकता है। चाहे नई नौकरी का ऑफर हो या परफॉर्मेंस रिव्यू का समय, सैलरी पर बातचीत एक ऐसा मौका है, जो आपकी मेहनत और काबिलियत का सही मूल्यांकन तय करता है।

लेकिन रुकिए! इसे सिरदर्द या डरावना काम न मानें। इसे अपनी लाइफ का 'मास्टर प्लान' समझें, जहां आप सही स्ट्रैटेजी के साथ अपनी ड्रीम सैलरी हासिल कर सकते हैं। यह कला है, जिसमें थोड़ी तैयारी, थोड़ी समझदारी, और ढेर सारा आत्मविश्वास चाहिए। तो आइए, इन टिप्स के जरिए सीखें कि कैसे सैलरी पर बातचीत को एक यादगार जीत में बदला जाए!



नीलम रामअवध

### अपना बाजार मूल्य जानें

- सबसे पहले, यह पता करें कि आपकी भूमिका, अनुभव और लोकेशन के आधार पर अन्य लोग औसतन कितनी सैलरी प्राप्त कर रहे हैं।
- कहां चेक करें: ग्लासडोर, पेस्केल, लिंक्डइन और अन्य नौकरी पोर्टल्स पर सैलरी रेंज की जानकारी लें।
- क्या ध्यान रखें: कंपनी का साइज, आपका अनुभव, और भूमिका की जिम्मेदारियां।
- यह जानकारी आपको आत्मविश्वास के साथ बातचीत करने में मदद करेगी।

### अपनी योग्यता और कीमत पहचानें

- अपनी ताकत और उपलब्धियों की लिस्ट बनाएं।
- सोचें कि आपने अपनी पिछली या वर्तमान कंपनी के लिए क्या खास योगदान दिया, जैसे: किसी प्रोजेक्ट को समय से पहले पूरा करना।
- कंपनी को पैसे या समय की बचत करवाना।
- टारगेट से ज्यादा प्रदर्शन करना।
- अपने ऐसे स्किल्स और एक्सपीरियंस को हाइलाइट करें, जो आपको भीड़ से अलग बनाते हैं।

### एक मजबूत सैलरी रेंज तय करें

- सैलरी तय करते समय तीन चीजों पर फोकस करें: न्यूनतम सैलरी (आपका नो डीलर नंबर, जिसके नीचे आप स्वीकार नहीं करेंगे)।
- आपकी आदर्श सैलरी (आपकी ड्रीम सैलरी)।
- एक लचीली रेंज, जैसे 50,000 से 60,000 रुपये।
- इस रेंज को तय करने के लिए अपने बाजार मूल्य और कंपनी के बजट को ध्यान में रखें।

### अपनी बात प्रैक्टिस करें

- बातचीत के लिए अपने पिच को पहले से तैयार करें।
- अपने दोस्त, मेंटर या खुद से शीशे के सामने प्रैक्टिस करें।
- बातचीत करते समय आपकी आवाज में आत्मविश्वास और आपका बॉडी लैंग्वेज सकारात्मक होनी चाहिए।
- आप बातचीत में जो कहना चाहते हैं, उसे लिखकर एक बार बोलने की आदत डालें।

### अपने कारण स्पष्ट और मजबूत बनाएं

- बातचीत करते समय केवल सैलरी मांगने की बजाय ठोस कारण बताएं।
- उदाहरण: मैंने पिछले साल सेल्स में 20% की वृद्धि की है।
- मेरे प्रयासों से हमारी टीम ने प्रोजेक्ट को समय पर और बजट के भीतर पूरा किया।
- कंपनी को दिखाएं कि आप उनके लिए कितने महत्वपूर्ण हैं।

### व्यवहार अच्छा और सकारात्मक रखें

- बातचीत के दौरान हमेशा प्रोफेशनल और विनम्र बने रहें।
- गुस्सा या निराशा दिखाने से बचें।
- उदाहरण: मुझे इस भूमिका के लिए बहुत उत्साह है और मुझे लगता है कि हम दोनों के लिए एक अच्छा समझौता हो सकता है।

### सही समय चुनें

- बातचीत का समय बहुत मायने रखता है।
- बातचीत के लिए अच्छे समय: जब आपको जॉब ऑफर मिले।
- परफॉर्मेंस रिव्यू या प्रोमोशन के समय।
- जब आप अतिरिक्त जिम्मेदारियां उठा रहे हों।
- बचें: पहली मीटिंग में सैलरी की बात करना या कंपनी के मुश्किल समय में बातचीत करना।

### लचीले बनें

- अगर कंपनी बजट के कारण सैलरी नहीं बढ़ा पा रही है, तो अन्य चीजों पर ध्यान दें:
- बोनस, स्टॉक ऑप्शन, या प्रॉफिट शेयरिंग।
- वर्क-फ्रॉम-होम की सुविधा।
- अतिरिक्त छुट्टियां या प्रोफेशनल डेवेलपमेंट के अवसर।
- याद रखें, सैलरी के अलावा भी कई फायदे बातचीत में शामिल किए जा सकते हैं।

### ध्यान से सुनें

- बातचीत के दौरान केवल अपनी बात न कहें, बल्कि कंपनी की बातों को भी ध्यान से सुनें।
- यदि कंपनी किसी कारण से सैलरी बढ़ाने में असमर्थ है, तो उनके कारणों को समझें।
- उनकी चिंताओं के आधार पर अपनी बातचीत को आगे बढ़ाएं।

### दबाव में शांत रहें

- बातचीत के दौरान हो सकता है कि आपको थोड़ा दबाव महसूस हो, लेकिन शांत रहें।
- गहरी सांस लें और सोच-समझकर जवाब दें।
- यदि आपको तुरंत जवाब देने में परेशानी हो, तो थोड़ा समय मांगें, जैसे: मैं इस पर सोचकर आपको जल्द ही जवाब दूंगा।

### ना सुनने के लिए तैयार रहें

- हो सकता है कि कंपनी आपकी सैलरी बढ़ाने से इनकार कर दे।
- ऐसी स्थिति में निराश होने की बजाय उनका फीडबैक लें।
- पूछें: क्या हम इस विषय पर कुछ महीनों बाद फिर से चर्चा कर सकते हैं?
- सकारात्मक दृष्टिकोण रखें और इसे सीखने का अनुभव मानें।

### पूरे पैकेज का आकलन करें

- सैलरी के अलावा अन्य लाभों पर भी ध्यान दें, जैसे: हेल्थ इंश्योरेंस। पेंशन प्लान।
- वर्क-लाइफ बैलेंस और कंपनी की संस्कृति।

कभी-कभी थोड़ा कम पैसा लेकिन बेहतर फायदे लंबे समय में फायदेमंद हो सकते हैं।

### जब जरूरत हो, तो मना करें

- यदि सैलरी आपकी न्यूनतम उम्मीदों से कम हो और कोई समझौता न हो सके, तो विनम्रता से मना करें। उदाहरण: इस अवसर के लिए धन्यवाद, लेकिन यह मेरी उम्मीदों के अनुसार नहीं है। याद रखें, मना करने का मतलब यह नहीं है कि आपके अवसर खत्म हो गए हैं। बेहतर मौके हमेशा आपका इंतजार कर रहे हैं।

# जीआईसी में 110 पदों पर भर्ती, जानें योग्यता, सैलरी और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (जीआईसी) ने असिस्टेंट मैनेजर (स्केल 1) के 110 पदों पर भर्ती निकाली है। इन पदों के लिए gicofindia.com पर जाकर 4 दिसंबर 2024 से 19 दिसंबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ये भर्तियों अलग अलग श्रेणियों में होनी हैं। इनमें जनरल में 18, लीगल में 9, एचआर में 6, इंजीनियरिंग में 5, आईटी में 22, एक्चुअरी में 10, इंश्योरेंस में 10, मेडिकल एमबीबीएस में 2 और फाइनेंस में 18 वैकेंसी हैं। कुल रिक्तियों में 43 पद जनरल के हैं। 15 पद एससी, 10 एसटी, 34 ओबीसी और 6 पद ईडब्ल्यूएस के हैं। एप्लीकेशन फॉर्म का प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि 3 जनवरी 2025 है।



### भर्ती प्र क्रिया के लिए शर्तें

**आयु सीमा** - 21 से 30 वर्ष

एससी, एसटी वर्ग को पांच वर्ष और ओबीसी को अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट मिलेगी।

**योग्यता**

असिस्टेंट मैनेजर (स्केल 1) जनरल श्रेणी - सामान्य और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 60 फीसदी अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक ।(एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 55 फीसदी अंक)

फाइनेंस - सामान्य और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 60 फीसदी अंकों के साथ बीकॉम।(एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 55 फीसदी अंक)

इंश्योरेंस - किसी भी विषय में स्नातक डिग्री। सामान्य और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 60% अंक और एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 55% अंक। उम्मीदवारों के पास जनरल बीमा/ जोखिम प्रबंधन/ जीवन बीमा/ एफआईआईआई/ एफसीआईआई में स्नातकोत्तर डिग्री/ डिप्लोमा होना चाहिए।

एचआर - किसी भी विषय में स्नातक डिग्री। सामान्य और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 60% अंक और एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 55% अंक। एचआरएम या पर्सनल मैनेजमेंट में पीजी।

**वेतन**

बेसिक पे - 50,925/- रुपये प्रति माह, 50925 -2500(14) - 85925 -2710(4) -96765 रुपये के स्केल में और अन्य भत्ते जैसे डीए, एचआरए, सीसीए, आदि। कुल मिलाकर लगभग 85,000/- रुपये प्रति माह होंगी।



# सुप्रीम कोर्ट में ग्रेजुएट के लिए 107 पदों पर भर्ती, आवेदन प्रक्रिया शुरू

सुप्रीम कोर्ट में ग्रेजुएट युवाओं के लिए 107 पदों पर भर्ती निकाली गई है। कुल रिक्तियों में कोर्ट मास्टर (शॉर्टहैंड) की 31, सीनियर पर्सनल असिस्टेंट की 33 और पर्सनल असिस्टेंट की 43 वैकेंसी हैं। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आज 4 दिसंबर से https://www.sci.gov.in पर शुरू होंगे।

**योग्यता**

कोर्ट मास्टर (शॉर्टहैंड ) ग्रुप ए गजटेड पोस्ट

1) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से लॉ में डिग्री।

2) शॉर्टहैंड (अंग्रेजी) में दक्षता, 120 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ।

3) कंप्यूटर ऑपरेशन का ज्ञान, 40 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति के साथ।

अनुभव:- सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सांविधिक निकायों में निजी सचिव/वरिष्ठ पी.ए./पी.ए./वरिष्ठ आशुलिपिक के संवर्ग में न्यूनतम 5 वर्ष की नियमित सेवा।

सीनियर पर्सनल असिस्टेंट - ग्रुप बी गजटेड पोस्ट

1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री।

2) शॉर्टहैंड (अंग्रेजी) में दक्षता, 110 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ।

3) कंप्यूटर संचालन का ज्ञान, 40 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति के साथ।

पर्सनल असिस्टेंट (ग्रुप बी, नॉन गजटेड पोस्ट )

1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री।

2) शॉर्टहैंड (अंग्रेजी) में दक्षता, 100 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ।

3) कंप्यूटर संचालन का ज्ञान, 40 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति के साथ।

**आयु सीमा**

1. कोर्ट मास्टर (शॉर्टहैंड): 30 से 45 वर्ष
2. सीनियर पर्सनल असिस्टेंट: 18 से 30 वर्ष
3. पर्सनल असिस्टेंट : 18 से 30 वर्ष

चयन - स्किल टेस्ट, लिखित परीक्षा और इंटरव्यू।

आवेदन फीस -

जनरल /ईडब्ल्यूएस /ओबीसी - 1000 रुपये

एससी, एसटी, दिव्यांग - 250 रुपये

# आईटीबीपी असिस्टेंट सर्जन के पद पर वैकेंसी, सैलरी होगी इतनी



सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है। आईटीबीपी ने असिस्टेंट सर्जन (असिस्टेंट कमांडेंट/वेटरिनरी) पद पर भर्ती निकाली है। अगर आप भी भर्ती के लिए आवेदन करने के इच्छुक हैं तो आपको आधिकारिक वेबसाइट recruitment.itbpolice.nic.in पर जाना होगा। भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 25 नवंबर 2024 से शुरू हो गई है और आप आवेदन करने की आखिरी तारीख 24 दिसंबर 2024 है। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिए कुल 27 पदों पर असिस्टेंट सर्जन की नियुक्ति की जाएगी। जिसमें 12 पद जनरल कैटेगरी, 4 पद एससी, 1 एसटी, 6 ओबीसी और 4 पद EWS के लिए आरक्षित हैं।

**योग्यता**

1. उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों की आयु की गणना 24 दिसंबर 2024 के आधार पर की जाएगी।
2. आरक्षित कैटेगरी के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी।
3. उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से वेटरिनरी साइंस और एनिमल हसबैंड्री में बैचलर की डिग्री होनी चाहिए।
4. इसके अलावा उम्मीदवारों के पास वेटरिनरी काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ रजिस्ट्रेशन भी होना आवश्यक है।
5. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले ऑफिशियल नोटिफिकेशन जरूर पढ़े।

**एप्लीकेशन फीस**

आवेदन करने के लिए जनरल, ओबीसी और EWS कैटेगरी के उम्मीदवारों 400 रुपये की एप्लीकेशन फीस जमा करनी होगी। एससी, एसटी, महिला उम्मीदवार और एक्स-सर्विसमैन को कोई भी फीस जमा नहीं करनी होगी।

**सैलरी**- उम्मीदवारों को लेवल 10 के अनुसार उनकी सर्विस के दौरान 56,100 रुपये से लेकर 1,77,500 रुपये मिला करेंगे।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** - बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। लाभ के मौके बार-बार प्राप्त होंगे। विवेक का प्रयोग करें। बेकार बातों में समय नष्ट न करें। निवेश शुभ रहेगा।

**वृष** - कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। कोई बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। किसी विशेष क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी।

**मिथुन** - आज धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कोर्ट व कचहरी के अटके कामों में अनुकूलता आएगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** - बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रतिद्वंद्विता कम होगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**सिंह** - कोर्ट व कचहरी में लंबित कार्य पूरे होंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या** - रोजगार में वृद्धि तथा बेरोजगारी दूर होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। झंझटों से दूर रहें।

**तुला** - किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक** - व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में कमी रह सकती है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। बेवजह विवाद की स्थिति बन सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

**धनु** - जल्दबाजी में कोई काम न करें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी।


**मकर** - किसी भी निर्णय को लेने में जल्दबाजी न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। थकान व कमजोरी महसूस होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में मनोनुकूल लाभ होगा। प्रमाद न करें।

**कुंभ** - व्यवसाय धीमा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है। परिवार में मनमुटाव हो सकता है। सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।


**मीन** - अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। घर-बाहर सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। बेरोजगारी दूर होगी। अचानक कहीं से लाभ के आसार नजर आ सकते हैं।

# जीवन की परेशानियां दूर करेंगे ये आसान उपाय

ज्योतिष शास्त्र में अमावस्या को विशेष तिथि माना गया है। मान्यता है कि इस दिन किए गए उपाय, टोटके विशेष ही शुभ फल प्रदान करते हैं। अतः जीवन में आ रही समस्त परेशानियों को दूर करने के लिए अमावस्या पर ये उपाय कर सकते हैं -



- अमावस्या के दिन भूखे प्राणियों को भोजन कराने का विशेष महत्व है।
- अमावस्या के दिन सुबह स्नान आदि करने के बाद आटे की गोलियां बनाएं। गोलियां बनाते समय भगवान का नाम लेते रहें। इसके बाद समीप स्थित किसी तालाब या नदी में जाकर ये आटे की गोलियां मछलियों को खिला दें। इस उपाय से आपके जीवन की अनेक परेशानियों का अंत हो सकता है।
- इस दिन काली चींटियों को शकर मिला हुआ आटा खिलाएं। ऐसा करने से आपके पाप-कर्मों का क्षय होगा और पुण्य-कर्म उदय होंगे। यही पुण्य-कर्म आपकी मनोकामना पूर्ति में सहायक होंगे।
- बेरोजगार व्यक्ति अगर अमावस्या की रात ये उपाय करें तो निश्चित ही उसे रोजगार प्राप्त होगा। इसके लिए 1 नींबू को साफ करके सुबह से ही अपने घर के मंदिर में रख दें। फिर रात के समय इसे 7 बार बेरोजगार व्यक्ति के सिर से उतार लें और 4 बराबर भागों में काट लें। फिर एक चौराहे पर जाकर चारों दिशाओं में इसको फेंक दें। इस उपाय से बेरोजगार व्यक्ति को लाभ की संभावना बनेगी।
- जिसे कालसर्प दोष हो, उन व्यक्तियों को अमावस्या के दिन किसी अच्छे पंडित से शिवपूजन एवं हवन करवाना चाहिए।
- शाम के समय घर के ईशान कोण में गाय के घी का दीपक लगाएं। बत्ती में रूई के स्थान पर लाल रंग के धागे का उपयोग करें। साथ ही दीये में थोड़ी-सी केसर भी डाल दें। यह मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने का उपाय है।



प्रियंका जैन
9769994439

- अमावस्या वाली रात्रि को 5 लाल फूल और 5 जलते हुए दीये बहती नदी के पानी में छोड़ें। इस उपाय से धन का लाभ प्राप्त होने के प्रबल योग बनेंगे।
- अमावस्या की रात्रि अगर आप काले कुत्ते को तेल चुपड़ी रोटी खिलाते हैं और उसी समय वह कुत्ता यह रोटी खा लेता है तो इस उपाय से आपके सभी दुश्मन उसी समय से शांत होना शुरू हो जाएंगे।
- इस दिन शराब आदि नशे से भी दूर रहना चाहिए। इसके सेवन से आपके शरीर और भविष्य पर भी दुष्परिणाम हो सकते हैं।

खबर संक्षेप

### अयोध्या में शुरू हुई हॉट एयर बैलून सेवा

**अयोध्या।** राम नगरी अयोध्या में हर रोज आने वाले हजारों पर्यटकों को एक खास सौगात दी गई है। बुधवार से अयोध्या में हॉट एयर बैलून सर्विस का प्रारंभ हो गया है। अब पर्यटक आठ मिनट तक हवाई यात्रा का आनंद ले सकेंगे। हॉट एयर बैलून का संचालन राम कथा पार्क हेलीपैड से होगा। इस सेवा को पुष्पक एडवेंचर और अयोध्या विकास प्राधिकरण ने शुरू किया है। सेवा का आनंद लेने क लिए प्रति व्यक्ति 999 रुपये का शुल्क देना पड़ेगा। इसके माध्यम से रामनगरी आने वाले श्रद्धालु राम मंदिर के शिखर के साथ हनुमानगढ़ी और कनक भवन जैसे मंदिरों का ऊपर से दीदार कर सकेंगे। हालांकि, तेज हवाओं के कारण हॉट एयर बैलून आज नहीं उड़ सका।

### कट्टा फैक्ट्री का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के सिधारी थाना पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने मौके से जहां पांच शातिर अपराधियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। वहीं मौके से काफी मात्रा में हथियार बनाने के सामान और औजार बरामद हुए हैं।

### जाम में फंसे लोगों का फूटा गुस्सा

**गाजीपुर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी संभल के लिए निकले, लेकिन उन्हें पुलिस ने यूपी बॉर्डर पर ही रोक लिया। कांग्रेस नेताओं के काफिले को संभल जाने की इजाजत नहीं मिली। बुधवार को करीब दो घंटे बॉर्डर पर तनातनी के बाद राहुल और प्रियंका गांधी के काफिले को वापस दिल्ली भेज दिया गया। दोनों नेताओं के जाने के बाद कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी दिल्ली की तरफ लौट गए। राहुल और प्रियंका गांधी समेत सभी कांग्रेस सांसद संसद चले गए। यूपी बॉर्डर पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के काफिले को रोकने के लिए सुबह से ही ट्रैफिक को रोक दिया गया था। प्रशासन की सख्ती के चलते कई लोगों को काफी परेशानी हुई। लोग अपने गंतव्य नहीं पहुंच सके। घंटों जाम में फंसे रहने की वजह से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने कांग्रेस नेताओं पर ही अपनी भड़ास निकालनी शुरू कर दी। गुस्से में लोग कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ही भिड़ गए। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं को लोगों पर थप्पड़ भी जड़ दिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम लोगों के साथ मारपीट की। इस पर गुस्साए लोगों ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए।

मिसाल | दरवाजे पर खड़ी थी बेटी की बारात, अज्ञात वाहन ने ली पिता की जान

# बड़े जिगर वाले निकले बाराती...

## दूल्हा-दुल्हन की शादी करवाई और बिना खाए-पिए वापस लौट गए

एजेंसी | मोतिहारी

अंदाजा लगाइए उस घर में उस वक्त क्या माहौल रहा होगा जब बेटी की बारात दरवाजे पर खड़ी हो और दुल्हन के पिता की मौत हो जाए। कलेजे को चीर देने वाली ये खबर बिहार के मोतिहारी जिले से आई है, जहां के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के चैता पंचायत में एक पिता अपने घर के दरवाजे पर बेटी के बारात का इंतजार कर रहा था। इस दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसकी जान ले ली। ऐसे में बारातियों ने संवेदनशीलता, मानवीयता और सूझबूझ का परिचय देते हुए एक तरफ पिता के अर्थी उठाने की तैयारी शुरू की तो दूसरी तरफ दूल्हा-दुल्हन की शादी कराकर मिसाल कायम की। इतना ही नहीं इस दौरान बारातियों ने पानी भी नहीं पिया और दुल्हन को आगे की रस्म के लिए लेकर चले गए।



### एक तरफ उठी पिता की अर्थी, दूसरी तरफ पराई हुई बेटी


मोतिहारी जिले के चैता पंचायत के वार्ड नंबर 5 हसनाबाद निवासी मनोज शाह की मौत उस वक्त हुई जब वह अपनी बेटी के बारात का इंतजार कर रहे थे। शादी के घर में किसी काम से वह सामने हाईवे पर गए। इसी दौरान किसी अज्ञात गाड़ी ने उन्हें ठोकर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों में भगदड़ मच गई और आनन फानन में लोगों ने घायल को पकड़ीदयाल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मनोज शाह की मौत के बाद लोग यह कर रहे थे कि शायद उनके नसीब में कन्यादान करना नहीं लिखा था।

### ग्रामीणों ने कराई शादी

दिल को झकझोर देने वाली इस घटना के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह जल्दबाजी में लड़का-लड़की की शादी करवाई। वहीं, शादी के बाद बाराती बिना खाये पिये ही वापस चले गए। वहीं, मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष शकुंतला कुमारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में दुल्हन के पिता की मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बहरहाल, इतना जरूर हुआ कि बारातियों ने मानवीयता और सूझबूझ का परिचय दिया और लड़की की शादी संपन्न कराकर मृत पिता की इच्छा जरूर पूरी कर दी।

# ट्रक और ई-रिक्शा की टक्कर में किशोरी समेत दो की मौत

एजेंसी | हरदोई



सांडी-हरपालपुर मार्ग पर ई-रिक्शा और ट्रक में टक्कर हो गई। ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और ट्रक में फंसकर ई-रिक्शा करीब 100 मीटर तक घिसटता रहा। लक्षनपुरवा के पास चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया। हादसा में किशोरी और ई-रिक्शा चालक की मोत हो गई, जबकि दंपती समेत चार अन्य घायल हो गए।

### 100 मीटर तक घिसटता रहा ई-रिक्शा

सांडी थाना क्षेत्र के चौधरियापुर गांव निवासी प्रमोद की पुत्री वैष्णो देवी की फर्रूखाबाद के पट्टिया गांव में ससुराल है। परिवारीजनों ने बताया कि वैष्णो देवी की ननद प्रियंका की शादी बृहस्पतिवार (आज) को है। बुधवार को मानीमऊ निवासी गुफरान (19) का प्रमोद ने ई-रिक्शा बुक कराया था। ई-रिक्शा से प्रमोद की पत्नी सुधा (45), पुत्री महिमा (14) और पुत्र देव (12) और उनके भाई महेश पाल की पत्नी सुधा (35) व पुत्र शोभित (15) फर्रूखाबाद जा रहे थे। सांडी-हरपालपुर मार्ग पर बखरिया गांव के मोड़ के पास खाली ड्रम लेकर आ रहे ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसके बाद चालक ने ट्रक रोकने के बजाय भगाने का प्रयास किया। ई-रिक्शा ट्रक में फंसकर करीब 100 मीटर दूरी तक घिसटता चला गया, जिससे ई-रिक्शा पर सवार लोगों में चालक गुफरान और महिला की मौत हो गई। अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# चोरों ने 6 कमरे का ताला तोड़कर उड़ा ली 60 लाख की संपत्ति

एजेंसी | पटना



पटना के दानापुर में मंगलवार की रात बेखौफ चोरों ने रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी चरित्र सिंह के बंद घर के पीछे से खिड़की का ग्रिल तोड़कर 55 हजार नकद समेत 60 लाख के कीमती जेवरात चुरा लिए। इस संबंध में चरित्र सिंह राम ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। यह पूरा मामला लखनी बिगहा महर्षि मेंही नगर का है।

लिखित शिकायत में चरित्र सिंह ने बताया कि 2 दिसंबर को पूरा परिवार घर में ताला बंद कर भतीजी की शादी में शामिल होने दुल्हिन बाजार के डुमरी गांव गया था। बुधवार की सुबह जब घर वापस लौटे तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा बंद था और अंदर के 6 कमरों का ताला टूटा हुआ था। कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर की अलमारियों का ताला तोड़कर 55 हजार रुपए नकद और करीब 60 लाख के सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। चरित्र सिंह ने बताया कि शादी समारोह में उनके चार बेटे भी आए थे, जिनमें से दो बैंक कर्मचारी, एक रेलवे कर्मचारी और एक बीएचयू में कार्यरत है। उन्होंने बताया कि घर में रखे कैश समेत चार बहुओं और पत्नी के कीमती सोने-चांदी के जेवरात भी चोरी हो गए। चोरों ने बड़े आराम से छह कमरों में 7 अलमारियों का ताला तोड़कर उन्हें खंगाला।

# 'बहुत सख्त है उत्तर प्रदेश का गुंडा एक्ट'

## सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

एजेंसी | लखनऊ




सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश का गुंडा और गैर सामाजिक गतिविधि रोकथाम कानून बहुत सख्त है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये बात कही। दरअसल इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मई 2023 में गुंडा एक्ट के तहत लंबित कार्यवाही रोकने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी थी। इस पर याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर बीते साल नवंबर में उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। साथ ही शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत किसी कार्रवाई पर भी रोक लगा दी थी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल और अधिवक्ता तन्वी दुबे के जरिए याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि यूपी गैंगस्टर्स एक्ट के तहत उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निराधार है और पिछली प्राथमिकी से उपजी है। याचिका में कहा गया है कि यह प्राथमिकी दर्ज करना कानूनी प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है। इसमें तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ गैंगस्टर्स एक्ट लगाना पक्षपातपूर्ण है और यह पुलिस एवं न्यायिक मशीनरी का दुरुपयोग है।

# आजमगढ़ का कमलगट्टा 'चीनियों' को भी बना रहा हट्टा–कट्टा

## बड़े पैमाने पर हो रहा है एक्सपोर्ट

एजेंसी | आजमगढ़

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में मुख्य रूप से दो बड़े ताल हैं। एक ताल सदर तहसील क्षेत्र के बड़ेला में स्थित और दूसरा सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ में। इसे ताल सलोना के नाम से जाना जाता है। यह ताल आसपास के लोगों के लिए बड़ा ही विशेष महत्व रखता है। 20 हजार हेक्टेयर से अधिक के क्षेत्रफल में फैला हुआ यह ताल आसपास के क्षेत्र और गांव के लोगों के लिए जल का विशेष स्रोत है। ये तालाब जिले में कमलगट्टे की खेती के लिए जाना जाता है। इसके अलावा इस तालाब में कमल के फूलों की भी अच्छी पैदावार होती है।



### मुख्य रोजगार का माध्यम

यह ताल क्षेत्र वासियों के जीवन का हिस्सा है। क्षेत्रवासियों के लिए यह रोजगार के सबसे बड़े साधनों में से एक है। स्थानीय निवासी सुखदेव ने बताया कि इस तालाब में उगने वाले कमलगट्टे की डिमांड बनारस और आसपास के क्षेत्र में काफी अधिक है। कुकुरही, भीटी शाहखजुरा, ऊंजी और विजयीपुर आदि गांव के ग्रामीण के लिए कमलगट्टे का कारोबार उनके मुख्य रोजगार में से एक है।

### बाजार में 200 प्रति किलो है दाम

यहां पर उगने वाले कमल गट्टों का इस्तेमाल पहले लोकल स्तर पर होता था लेकिन धीरे–धीरे इसका प्रचलन बनारस और कोलकाता तक जा पहुंचा। इस कारण मार्केट में इसकी डिमांड बढ़ने लगी। वर्तमान में बनारस की मंडियों में कमल गट्टा 150 से 200 प्रति किलो की दर से बिकता है। यही कारण है कि यहां के लोगों के लिए कमलगट्टा रोजगार का विशेष माध्यम है। कोलकाता और बनारस के साथ–साथ आजमगढ़ के कमलगट्टे चीन और थाईलैंड में भी भेजे जाने लगे हैं। कमलगट्टे को पौष्टिक आहार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होने के नाते इसकी डिमांड विदेश में भी अधिक होने लगी है। अजमतगढ़ और बनारस में कमलगट्टे का व्यापार कर रहे शंभू और अशोक ने बताया की सितंबर और अक्टूबर के महीने में कमलगट्टे को जनपद से बनारस और कोलकाता के मंडियों में भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि बनारस और कोलकाता से कमलगट्टे को चीन और कई अन्य देशों में भेजा जाता है।

## व्यापार जगत

# लगातार चौथे दिन चढ़ा बाजार

## सेंसेक्स 110 अंक चढ़ा, निफ्टी 24,467 पर बंद, HDFC बना टॉप गेनर




दोपहर संवाददाता | मुंबई

वैश्विक बाजारों से मजबूत संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार मामूली बढ़त में बंद हुआ। सेंसेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले HDFC Bank और ICICI Bank जैसे शेयरों में खरीदारी से बाजार में आज बढ़त देखने को मिली। यह लगातार चौथा ट्रेडिंग सेशन है जब बाजार हरे निशान में बंद हुआ है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स करीब 200 अंकों की तेजी के साथ 81,036.22 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 81,245.39 अंक तक चढ़ गया। अंत में सेंसेक्स 110.58 अंक या 0.14% की बढ़त लेकर 80,956.33 पर बंद हुआ।

### शेयर बाजार में आज उछाल की वजह ?

इंडेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले HDFC बैंक और IT Stocks में खरीदारी की वजह से बाजार में आज उछाल देखने को मिल रहा है। साथ ही कई दिनों तक बिकवाली करने के बाद विदेशी निवेशकों की हालिया खरीदारी ने बाजार के सेंटीमेंट पर पॉजिटिव असर पड़ा है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसिज के रिसर्च प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, एशिआई बाजारों में गिरावट के बावजूद घरेलू बाजारों ने मजबूती बनाए रखी। ब्रोडर इंडेक्सिस ने मजबूत प्रदर्शन दिखाया। हालांकि, नवम्बर के बिक्री आंकड़ों के चलते ऑटो इंडेक्स पर मिलाजुला असर देखने को मिला।

### टॉप गेनर

सेंसेक्स की कंपनियों में HDFC Bank अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। एचडीएफ़सी बुधवार को 1.82% चढ़कर 1860.05 रुपये पर बंद हुआ। यह शेयर पिछले एक महीने में 8.52% चढ़ चुका है। जबकि पिछले छह महीने के दौरान इसमें 25% से ज्यादा की तेजी आई है। इसके अलावा एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस के शेयर हरे निशान में हैं।

### टॉप लूजर

दूसरी तरफ, भारती एयरटेल का शेयर आज सबसे गिरकर बंद हुआ। साथ ही टाटा मोटर्स, अदानी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, मारुति, रिलायंस के शेयर गिरकर बंद हुए।

# सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की नवीनतम शाखा का उल्वे में शुभारंभ

दोपहर संवाददाता | मुंबई



देश के प्रथम पूर्ण स्वदेशी बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने ठाणे क्षेत्र में अपनी नवीनतम शाखा उल्वे का सोमवार को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक एम वी मुरली कृष्णा के करकमलों से मुंबई महानगर के अंचल प्रमुख अश्वनी धींगड़ा, उप अंचल प्रमुख एस. एस. माथुर, सी आई ए प्रीति शास्कृत, उत्तर मुंबई के क्षेत्रीय प्रमुख एस. के. सिंह, दक्षिण मुंबई के क्षेत्रीय प्रमुख वी. के. मेहता, ठाणे के क्षेत्रीय प्रमुख नवीन ग्रोवर एवं उल्वे के गणमान्य अतिथियों की गरिमा मयी उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। उल्वे शाखा ठाणे क्षेत्र की 44 वीं शाखा है।

शाखा के शुभारंभ पर कार्यपालक निदेशक महोदय ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि- सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 1911 से निरंतर अपने देशा और ग्राहकों कि सेवा में समर्पित है।

आज हमें अपनी नवीनतम शाखा के माध्यम से उल्वे के निवासियों की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। इस शाखा के शुभारंभ से उल्वे के निवासियों को व्यापक बैंकिंग सेवाएं प्राप्त होगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान प्रदान करेंगी।' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उल्हे के गणमान्स निवासी उपस्थित रहें और शाखा तथा उल्वे क्षेत्र की प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी।

# भारत चीन प्लस रणनीति का लाभ उठाने में वियतनाम

एजेंसी | नई दिल्ली

नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत को चीन प्लस वन रणनीति के कारण पैदा हुए अवसरों का लाभ उठाने में सीमित सफलता मिली है। रिपोर्ट के अनुसार 2024 में वैश्विक व्यापार परिदृश्य भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से काफी प्रभावित हुआ है। जिसके कारण, इस नीति का सीमित फायदा मिला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को चीन स्थान पर विनिर्माण के एक पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट में बताया गया है कि वियतनाम, थाईलैंड, कंबोडिया और मलेशिया जैसे देशों ने अपने विनिर्माण आधारों में विविधता लाने की इच्छुक कंपनियों को आकर्षित करने में भारत से बेहतर प्रदर्शन किया है।

# आईपीएल की ब्रांड वैल्यू 1 लाख करोड़ हुई

## टीमों में चेन्नई सुपर किंग्स की वैल्यू सबसे ज्यादा, ₹1,033 करोड़ पहुंची

एजेंसी | नई दिल्ली

दुनिया की सबसे पॉपुलर टी-20 क्रिकेट लीग IPL की टोटल ब्रांड वैल्यू पिछले साल के मुकाबले 13% बढ़कर 12 बिलियन डॉलर यानी 1.01 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। ब्रांड वैल्यूएशन करने वाली कंपनी ब्रांड फाइनेंस की नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 2023 में पहली बार IPL की टोटल ब्रांड वैल्यू 10 बिलियन डॉलर के पार गई थी। पिछले साल यह 10.7 बिलियन डॉलर (90,679 करोड़ रुपए) रही थी। वहीं 2009 में वैल्यूएशन 2 बिलियन डॉलर यानी 16,943 करोड़ रुपए रही थी। इंडियन प्रीमियर लीग साल 2008 में शुरू हुई थी।

### चार टीमों की ब्रांड वैल्यू पहली बार 100 मिलियन डॉलर पार

ब्रांड फाइनेंस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि IPL की चार टीमों–चेन्नई सुपर किंग्स (CSK), मुंबई इंडियंस (MI), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) और कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) की ब्रांड वैल्यू भी पहली बार 100 मिलियन डॉलर (847 करोड़ रुपए) से ज्यादा हो गई है। IPL की 10 टीमों में CSK की ब्रांड वैल्यू सबसे ज्यादा है। चेन्नई की वैल्यू 52% बढ़कर 1,033 करोड़ रुपए हो गई है। वहीं ब्रांड वैल्यू के मामले में मुंबई दूसरे नंबर पर है, इसकी वैल्यूएशन 36% बढ़कर 1,008 करोड़ रुपए पहुंच गई है। RCB 991 करोड़ रुपए (+67%) की ब्रांड वैल्यू के साथ तीसरे नंबर पर है।

# जियो–हॉटस्टार वेबसाइट का डोमेन अब वायकॉम 18 के पास

दोपहर संवाददाता | मुंबई

जियो हॉटस्टार वेबसाइट (jiohotstar.com) डोमेन को रिलायंस के स्वामित्व वाली वायाकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दिया गया है। अपडेटेड WHOIS रिकॉर्ड इसकी पुष्टि करता है कि वायाकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड डोमेन का नया मालिक है। यह डोमेन भारत की दो सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट और टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो और डिज्नी+ हॉटस्टार की मर्जर ब्रांडिंग से जुड़ा हुआ है। दरअसल, दिल्ली के एक एप डेवलपर ने जियो हॉटस्टार डोमेन को खरीद लिया था और उसने डोमेन देने के बदले रिलायंस से 93,345 (लगभग 94 लाख रुपए) की मांग रखी थी। रिलायंस की ओर से मांग नहीं मानने पर उस डेवलपर ने डोमेन को दुबई में रहने वाले दो बच्चों को बेच दिया था। उसके बाद दोनों बच्चों ने कहा था कि वह इस डोमेन को रिलायंस जियो को फ्री में ट्रांसफर कर देंगे, उनको इसके लिए कोई पैसा नहीं चाहिए।

# ऑस्ट्रेलिया को उसके गढ़ में हराने की चुनौती

## तीन मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज खेला जाएगा

### पिछले चार मैच लगातार ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं

**एजेंसी | ब्रिस्बेन**

भारत और ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के रोमांच के बीच दोनों देशों की महिला क्रिकेट टीमें गुरुवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज में आमने-सामने होंगी। इसमें हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम के सामने मेजबान टीम को उसके गढ़ में हराने की चुनौती होगी। दूसरा मैच 8 दिसंबर को इसी मैदान पर जबकि आखिरी मैच पर्थ में 11 दिसंबर को होगा। पिछले करीब आठ महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली ऑस्ट्रेलिया की चुनौती भारत के लिए हमेशा कठिन रही है। पिछली बार 2021 में यहां तीन मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराया था। इसके बावजूद मेहमान टीम के साथ ही गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले खुद को आजमाने पर लगी होंगी। भारत की उम्मीदों का दारोमदार अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर रहेगा जिन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में शतक जमाकर भारत को जीत दिलाई।



- 53 वनडे मुकाबले दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए
- 43 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली, 10 मुकाबले भारत ने जीते
- 16 वनडे ऑस्ट्रेलिया में हुए, भारतीय टीम ने चार ही जीते

### हीली की कमी खलेगी

ऑस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली की कमी खलेगी जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं। उनकी जगह क्वींसलैंड और सिडनी थंडर्स की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया गया है। हरफनमौला तहलिया मैक्ग्रा टीम की कमान संभालेंगी जिनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निभर करेगा। मैक्ग्रा ने कहा, भारतीय टीम में कई बड़ी खिलाड़ी हैं। उनके खिलाफ हर मुकाबला कड़ी टक्कर वाला होता है। हमारे घरेलू मैचों में भी भारतीय टीम को दर्शकों का काफी समर्थन मिलता है।

### छेत्री की पहली सीरीज

भारतीय टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की कमी खलेगी जो महिला बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स के लिए खेलते हुए कलाई की चोट का शिकार हो गईं। उनकी जगह शामिल युवा विकेटकीपर उमा छेत्री अपनी पहली वनडे सीरीज में छाप छोड़ना चाहेंगी। खराब फॉर्म से जूझ रहीं शेफाली वर्मा को टीम में जगह नहीं मिल सकी है जिन्होंने टी-20 विश्व कप में चार पारियों में सिर्फ 97 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर की फॉर्म भी चिंता का विषय है जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज में तीनों मैचों में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सकी थीं।

### पैरी उपलब्धि के करीब

अनुभवी कंगारू बल्लेबाज एलिसे पैरी 4000 वनडे रन पूरे करने से सिर्फ 42 रन दूर हैं। ऑस्ट्रेलिया ने मार्च के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेला है जब उसने ढाका में बांग्लादेश को तीनों मैचों में हराकर सीरीज जीती थी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार जनवरी में मुंबई में खेली गई सीरीज में तीनों मैच जीतकर क्लीन स्वीप किया था। सलामी बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड ने उस सीरीज में एक शतक समेत 260 रन बनाए थे।

## बुमराह-कोहली ही नहीं पूरी टीम इंडिया पर ध्यान : लियोन

**एजेंसी | एडिलेड**



अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने बुधवार को कहा कि भारत बेहतरीन खिलाड़ियों की टीम है। ऑस्ट्रेलिया का ध्यान सिर्फ जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली जैसे असाधारण खिलाड़ियों का मुकाबला करने की जगह पूरी टीम पर है जो अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली है। उन्होंने कहा, मैं भारतीय टीम को देखता हूं तो वह सुपरस्टार्स का एक समूह दिखता है। क्रिकेट हालांकि एक टीम खेल है। इसमें जीतने के लिए पूरी टीम को अच्छा प्रदर्शन करना होता है। भारत में बुमराह के साथ कुछ और असाधारण खिलाड़ी हैं, लेकिन यह सिर्फ दिग्गज खिलाड़ियों के बारे में नहीं है। भारतीय टीम के बाकी खिलाड़ी भी अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली हैं। वे एक बेहतरीन क्रिकेट टीम हैं। हम सिर्फ किसी एक खिलाड़ी पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, शुक्रवार को मैदान पर उतरने वाले हर भारतीय क्रिकेटर के लिए हमारे मन में सम्मान होगा। इसका मतलब यह नहीं है कि हम प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे।

### अश्विन के नाम टेस्ट में 536 विकेट

दिग्गज ऑफ स्पिनर अश्विन के नाम टेस्ट में 536 विकेट हैं लेकिन भारत ने पर्थ में उनकी जगह हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को एकादश में मौका दिया था। लियोन ने कहा, यह चौंकाने वाला था लेकिन इससे पता चलता है कि उनकी टीम में किस स्तर के खिलाड़ी हैं। अश्विन के नाम 530 से ज्यादा विकेट है, जडेजा के नाम 300 से ज्यादा टेस्ट विकेट हैं। ऐसे में उनकी टीम में वैकल्पिक खिलाड़ियों के स्तर का पता चलता है। वे किसका चयन करते हैं उस पर मेरा नियंत्रण नहीं है। वे जिसके साथ भी मैदान पर उतरे यह अच्छी चुनौती होगी। लियोन को हालांकि पर्थ में पदार्पण करने वाले नीतिश कुमार रेड्डी के उनके खिलाफ अपनाए गए आक्रामक रवैये से कोई आश्चर्य नहीं हुआ था।

### जय शाह के बाद अब बीसीसीआई में सचिव बनने के दावेदार कौन

## अनिल पटेल और देवजीत सैकिया के बीच होड़

**एजेंसी | नई दिल्ली**



जय शाह के एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सबसे युवा अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में सचिव का पद खाली हो गया। लेकिन बोर्ड से जुड़े राज्य संघों के अलावा अधिकारियों को भी अब तक यह पता नहीं है कि उनकी जगह कौन लेगा?

विश्व के सबसे ताकतवर क्रिकेट बोर्ड में 2022 में हुए संवैधानिक संशोधन के बाद से इसके सचिव सबसे प्रभावशाली पदाधिकारी है। बीसीसीआई सचिव के पास 'क्रिकेट और गैर-क्रिकेट मामलों से संबंधित सभी शक्तियां हैं। साथ ही सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) उसकी देखरेख में काम करता है। शाह को अगस्त में आईसीसी के शीर्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया था। तब से बीसीसीआई के हितधारक बोर्ड में होने वाले बदलाव के बारे में सोच रहे हैं। निर्वाचित पदाधिकारी के इस्तीफा देने के बाद से बोर्ड के पास विशेष आम बैठक (एजीएम) बुलाने और उसके उत्तराधिकारी का चयन करने के लिए 45 दिन का समय होता है। अगर शाह के आईसीसी का कार्यभार संभालने के दिन से 45 दिनों की गणना की जाए तो बोर्ड के पास पद भरने के लिए जनवरी के मध्य तक का समय है।

## मोहम्मद अब्बास की तीन साल बाद पाक टीम में वापसी

- 25 टेस्ट में अब्बास ने 90 विकेट चटकाए हैं
- 03 साल से लाल गेंद के प्रारूप में नहीं खेले हैं

**एजेंसी | इस्लामाबाद**

तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास की दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टेस्ट मुकाबलों के लिए तीन साल बाद पाक टीम में वापसी हुई है। दूसरी ओर, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी दौरे पर सिर्फ सीमित ओवरों के मुकाबलों में खेलेंगे। 34 साल के अब्बास ने 25 टेस्ट में 90 विकेट लिए हैं लेकिन 2021 में जमैका टेस्ट के बाद वह टेस्ट नहीं खेले हैं।



### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ब्रेक

चयन समिति के सदस्य आकिब जावेद ने बताया कि अफरीदी को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा रखने के लिए टेस्ट टीम शामिल नहीं किया गया। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम दो घरेलू टेस्ट से बाहर रहे नसीम शाह, खुर्रम शहजाद और बाएं हाथ के मीर हमजा तेज गेंदबाजी विभाग में जिम्मेदारी संभालेंगे। पाकिस्तान के दौरे की शुरुआत अगले मंगलवार से होगी। इसमें सबसे पहले तीन टी-20, फिर इतने ही वनडे अंतरराष्ट्रीय और फिर सेंचुरियन तथा केपटाउन में दो टेस्ट मैच होंगे।

**टीमें**

**: टेस्ट** - शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील, आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, बाबर आजम, हसीबुल्लाह खान, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, नोमान अली, साईम अयूब और सलमान अली आगा।

वनडे : मोहम्मद रिजवान (कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, हारिस रऊफ, कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, साईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सूफियान मुकीम, तैयब ताहिर और उस्मान खान।

टी-20 : मोहम्मद रिजवान (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, हारिस राऊफ, जहांदाद खान, अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, इरफान खान, ओमेर बिन यूसुफ, साईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सूफियान मुकीम, तैयब ताहिर और उस्मान खान।

## अंकिता और जिबेक की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी | दुबई**

भारतीय टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने कजाखस्तान की जिबेक कुलम्बायेवा के साथ मिलकर आईटीएफ युनाइटेड अरब अमीरात टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अंकिता-जिबेक ने बुधवार को हमवतन प्रार्थना थोम्बरे और नीदरलैड्स की एरियन हार्टोनो को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-3, 5-7, 10-7 से पराजित किया। इंडो-कजाख जोड़ी ने पहला सेट आसानी से जीत लिया। इसके बाद प्रार्थना और एरियन ने कड़ी टक्कर दी। दोनों ने दूसरा सेट जीतकर मुकाबले को निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। इसमें भी एक-एक अंक के लिए कड़ी टक्कर हुई पर अंत में अंकिता और जिबेक का अनुभव प्रार्थना-एरियन पर भारी पड़ा।

## रीयल कश्मीर ने दिल्ली एफसी को 2-1 से हराया

**एजेंसी | श्रीनगर**

रीयल कश्मीर एफसी ने बुधवार को आईलीग फुटबॉल मैच में दिल्ली एफसी को 2-1 से पराजित किया। यह रीयल कश्मीर की घरेलू मैदान पर तीन मैच में दूसरी जीत है। रीयल कश्मीर की ओर से टीआरसी फुटबॉल टर्फ मैदान पर बोबा अमिनोउ (72वें मिनट) और लालरमदिनसांगा राल्टे (84वें मिनट) ने गोल दागे। दिल्ली के लिए एकमात्र गोल स्टीफन समीर बिनोंग ने 89वें मिनट में किया। इस जीत से रीयल कश्मीर के तीन मैच में सात अंक हैं। दिल्ली की यह दूसरी हार है। उसका सिर्फ एक अंक है।

## पंत ने टेस्ट क्रिकेट को आसानी से अपना लिया : द्रविड़

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि भारतीय टीम में महेंद्र सिंह धौनी के संन्यास से पैदा हुई कमी को ऋषभ पंत ने तुरंत भर दिया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को ऐसे अपनाया जैसे बत्तख पानी को अपनाती है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत ने शानदार वापसी की है। द्रविड़ ने कहा, धौनी के जाने के बाद आपको लगा होगा कि शायद किसी को भी उसकी जगह लेने में समय लगेगा। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह रहा



कि उसने उनकी जगह ले ली है लेकिन निश्चित रूप से टेस्ट में उसका प्रदर्शन शानदार रहा है, अविश्वसनीय प्रदर्शन। पंत को गाबा में उस टेस्ट मैच को जीतने के लिए 89 रन बनाते हुए देखना, जब सब कुछ दांव पर लगा था और टीम इतनी कमजोर थी। उस तरह के दबाव में उस तरह का प्रदर्शन करना बेहद शानदार... वह कितने विशेष क्रिकेटर हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पानी में बत्तख की तरह अपनाया है। यह बस अभूतपूर्व है। उस दौरे पर पंत ने पांच पारियों में दो अर्धशतक की मदद से 68.50 की औसत से रन बनाए और भारत ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट सीरीज जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी।

## वर्ल्ड क्लासिक गोल्फ में नजरें भारतीय मूल के खिलाड़ियों पर

**एजेंसी | अल्बानी (बहामास)**



दिग्गज टाइगर वुड्स की गैरमौजूदगी में विश्व के नंबर एक और मौजूदा चैंपियन स्कॉटी शेफलर गुरुवार से यहां शुरू हो रहे 'हीरो वर्ल्ड चैलेंज गोल्फ में खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। हालांकि प्रतियोगिता में भारतीय मूल के तीन खिलाड़ियों साहित थिगाला, अक्षय भाटिया और एरोन रॉय के प्रदर्शन पर भी नजरें होंगी। पांच बार के चैंपियन वुड्स सितंबर में हुई अपनी सर्जरी से उबर रहे हैं। उन्होंने इसका पिछला खिताब 2011 में जीता था। वह पिछले सत्र में 18वें पायदान पर थे। पेरिस ओलंपिक चैंपियन शेफलर इस साल के फेडएक्स कप चैंपियन भी हैं। वह 'पीए टूर पर सत्र में सात खिताब जीतने के बाद लगातार तीन बार 'साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनकर वुड्स की बराबरी कर की राह पर है।

## ऋचा और अली की फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' प्राइम वीडियो पर 18 दिसंबर को होगी स्ट्रीम

प्राइम वीडियो ने अपनी आने वाली फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स की एक्सक्लूसिव स्ट्रीमिंग प्रीमियर का ऐलान किया है। यह एक इंडो-फ्रेंच जॉइंट प्रोडक्शन है और एक बहुत ही सराही गई यंग अडल्ट ड्रामा है। इसे पुशिंग बटन स्टूडियो, डोल्से वीटा फिल्म्स और क्रॉलिन एंगल फिल्म्स के तहत ऋचा चड्ढा, क्लेयर चासग्ने और शुचि तलाती ने प्रोड्यूस किया है, जबकि अली फज़ल इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं। फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स ,ऋचा चड्ढा और अली फज़ल के पुशिंग बटन स्टूडियो का पहला प्रोडक्शन है। यह लेखक शुचि तलाती की डायरेक्टोरियल डेब्यू भी है और इसमें प्रीति पाणिग्राही और केसव बिनॉय किरॉन मुख्य भूमिकाओं में डेब्यू कर रहे हैं, जबकि मशहूर अभिनेत्री कानी कुसरुटी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इस फिल्म ने कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अवॉड्र्स जीते हैं। गर्ल्स विल बी गर्ल्स 18 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर भारत में एक्सक्लूसिव रूप से प्रीमियर होगी।






## बॉलीवुड में वापसी करेंगी प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा इन दिनों भारतीय सिनेमा में अपनी वापसी को लेकर चर्चा में हैं। उन्हें आखिरी बार हिंदी फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में देखा गया था, जिसमें वह फरहान अख्तर के साथ नजर आईं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी और प्रियंका पिछले 5 साल से हिंदी सिनेमा से दूर हैं। अब प्रियंका ने हिंदी फिल्म करने के संकेत दिए हैं। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा।प्रियंका ने कहा, 'मैं कई निर्माताओं से मिलती हूं और कहानी पढ़ती हूं। हिंदी फिल्मों में मैं अलग तरह का रोल तलाश रही हूं। यह साल मेरे लिए वाकई बहुत व्यस्त रहा, लेकिन मेरे पास कुछ है। मैं आप सब लोगों को जल्द बताऊंगी।' इसके अलावा जब प्रियंका से फिल्म 'जी ले जरा' के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। फरहान ने अपनी फिल्म 'जी ले जरा' की घोषणा 2021 में की थी, लेकिन अभी तक उनकी यह फिल्म शुरू नहीं हो पाई है।


## 'दे दे प्यार दे 2' की रिलीज टली



आने वाले समय में अजय देवगन कई फिल्मों के सीक्वल में नजर आएंगे। 'रेड' का सीक्वल 'रेड 2' भी इन्हीं में से एक है, जिसकी रिलीज तारीख बदली जा चुकी है। यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा अजय 'दे दे प्यार दे' के सीक्वल में भी नजर आएंगे। यह फिल्म भी 1 मई, 2025 को दर्शकों के बीच आने वाली थी, लेकिन अब खबर है कि निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज टाल दी है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'दे दे प्यार दे' के सीक्वल 'दे दे प्यार दे 2' के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करना होगा। निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज टालने का फैसला लिया है और अब यह फिल्म 1 मई, 2025 के बजाय सितंबर, 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 25 साल बाद मुंबई लौटीं ममता कुलकर्णी

शाहरुख खान और सलमान खान की फिल्म 'करण अर्जुन' में नजर आईं अभिनेत्री ममता कुलकर्णी लगभग 25 साल बाद भारत लौटी हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक भावुक कर देने वाला वीडियो साझा किया है, जिसमें वह अपनी भारत वापसी पर भावुक और अभिभूत नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने भारत लौटने पर अपनी भावनाओं को साझा किया।



उन्होंने बताया कि जब उनकी फ्लाइट भारत के ऊपर से गुजर रही थी तो वह अपनी मातृभूमि को देख भावुक हो गईं। कुलकर्णी ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, '25 साल बाद अपनी मातृभूमि पर वापस आई, 12 साल की तपस्या के बाद 2012 के कुंभ मेले में भाग लिया और ठीक 12 साल बाद 2025 के एक और महाकुंभ के लिए वापस आई।' बता दें कि 'करण अर्जुन' को 22 नवंबर, 2024 को एक बार फिर सिनेमा में रिलीज किया गया है। इस फिल्म में काजोल और अमरीश पुरी जैसे सितारे भी नजर आए थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भारतीय एयरलाइंस वेट लीज पर ले सकेंगीं विमान

**नई दिल्ली।** लगातार बढ़ रही यात्रा मांग को लेकर विमान नियामक संस्था नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमान कंपनियों को विमानों को वेट लीज पर लेने की अनुमति देने की तैयारी की है। डीजीसीए अधिकारियों के मुताबिक एयरलाइनें अधिक उड़ानों का संचालन करना चाहती हैं। लेकिन सप्लाई चेन में दिक्कतों के चलते विमान नहीं मिल पा रहे हैं। इसलिए कंपनियों ने भविष्य को देखते हुए विमानों को ड्राई और वेट लीज पर लेने का विकल्प चुना है। इसलिए डीजीसीए विमानन क्षेत्र के विकास को देखते हुए वेट लीज के नियमों को सरल बनाने पर काम रहा है।

### ब्रिटेन ने बांग्लादेश की लिए जारी की ट्रैवल एडवाइजरी

**लन्दन।** ब्रिटेन सरकार ने बांग्लादेश के लिए अपने ट्रैवल एडवाइजरी को अपडेट किया है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि वहां 'आतंकवादी हमला होने की संभावना है। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने मंगलवार शाम को बांग्लादेश के लिए अपने सुरक्षा संबंधी सलाह की फिर से समीक्षा की है। इस अपडेट में 'केवल आवश्यक यात्रा' के खिलाफ बांग्लादेश यात्रा के लिए अपनी सामान्य सलाह को मजबूत किया गया है। एफसीडीओ की अपडेट ट्रैवल एडवाइजरी में कहा गया है कि, आतंकवादी बांग्लादेश में हमले करने की कोशिश कर सकते हैं।

### 117 करोड़ की साइबर ठगी पर सीबीआई का बड़ा ऑपरेशन

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बुधवार को दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में 117 करोड़ रुपये की अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी के मामले में 10 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई केंद्रीय गृह मंत्रालय के साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) से मिली शिकायत के आधार पर दर्ज मामले की जांच के तहत की गई। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि अज्ञात संगठित साइबर अपराधी और विदेशी तत्व भारत में संगठित वित्तीय ठगी को अंजाम दे रहे हैं। सीबीआई प्रवक्ता के अनुसार, 'जांच में सामने आया है कि विदेश में सक्रिय ठग डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे वेबसाइट, व्हाट्सएप और टेलीग्राम का इस्तेमाल करते हुए भारतीय नागरिकों को निशाना बनाते हैं। ये लोग पार्ट-टाइम जॉब, टास्क आधारित फ्रॉड और शुरुआती निवेश पर उच्च रिटर्न के झूठे वादों से लोगों को फंसाते हैं।'

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले का विरोध

नई दिल्ली। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ देश के कई हिस्सों में लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। बुधवार को मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल, उज्जैन समेत सभी जिलों में कई व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर विरोध जताया गया। RSS ने दावा किया है कि इंदौर रैली में ढाई लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। राजस्थान,गुजरात, उत्तर प्रदेश में भी रैलियां निकाली गईं और प्रदर्शन हुए। कर्नाटक के बेंगलुरु में बुधवार को हिंदू हितरक्षण वेदिके धरना किया। वहीं, तमिलनाडु के चेन्नई में बांग्लादेश हिंदू अधिकार पुनर्प्राप्ति समिति ने विरोध-प्रदर्शन किया, इसमें कई हिंदू संगठन शामिल रहे।

# पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल पर फायरिंग

- गोल्डन टेंपल के बाहर कर रहे थे सेवा
- हमलावर खालिस्तानी आतंकी गिरफ्तार



एजेंसी । चंडीगढ़

शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल पर जानलेवा हमला हुआ है। बेअदबी मामले में अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में धार्मिक सजा काट रहे सुखबीर सिंह बादल को बुधवार की सुबह गोली मारने की कोशिश की गई। हालांकि, इस घटना में सुखबीर सिंह बादल बाल-बाल बच गए। हमलावर ने गोली चला दी थी। दरबार साहिब के सामने हमलावर की फायरिंग से स्वर्ण मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। हालांकि, वहां मौजूद लोगों ने हमलावर को पकड़ लिया। सुखबीर सिंह बादल पर यह जानलेवा हमला तब हुआ, जब वह स्वर्ण मंदिर के बाहर दरबान बनकर धार्मिक सजा के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे।

दरअसल, अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल दरबार साहिब के गेट पर दरबान के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे। तभी एक हमलावर सामने से आता है और उन पर पिस्तौल से हमला कर देता है। वह दबे पांव आगे बढ़ता है। अपनी जेब से बंदूक निकालता है और सुखबीर सिंह बादल पर तान देता है। इसके बाद सुखबीर सिंह बादल के बगल में खड़े सेवादारों में से एक आगे बढ़ता है और हमलावर को रोकता है। जब तक वह रोक पाता, तब तक फायरिंग हो जाती है। गनीमत यह रही कि यह मिसफायर हो गई और इसमें किसी को कुछ नहीं हुआ।

### कैसे हुआ हमला?

इसके बाद आरोपी को काबू किया गया। जहां पर गोली चलाई गई, वहां पर सुखबीर सिंह बादल मौजूद थे। उन्हें इस हमले में कुछ भी नहीं हुआ। गोली जाकर सीधे दीवार में लगी। बताया जा रहा है कि हमलवार खालिस्तानी गतिविधियों में शामिल रहा है। आरोपी का नाम नारायण सिंह चौड़ा है। आरोपी हमलावर पर पहले भी कई हिंसक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप है। फिलहाल, पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और गोलीबारी का मकसद जानने में जुटी है।

### गोल्डेन टेंपल में क्या कर रहे थे सुखबीर?

बेअदबी मुद्दों पर सिखों की सर्वोच्च अदालत श्री अकाल तख्त साहिब की ओर से सुनाई गई धार्मिक सजा को निभाने के लिए सुखबीर बादल आज दूसरे दिन श्री दरबार साहिब पहुंचे थे। शिअद सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सुखदेव सिंह ढींडसा, बिक्रमजीत मजीठिया समेत बाकी नेताओं के साथ आए थे। वह सेवादार की वेशभूषा पहन हाथों में बरछी पकड़ कर गेट पर सेवा निभा रहे थे, तभी यह हमला हुआ। 2007 से 2017 तक शिअद की सरकार के 'गुनाहों' के लिए सोमवार को सुखबीर बादल समेत 17 लोगों को धार्मिक सजा सुनाई थी। ये सभी 10 दिन तक 5 गुरुद्वारों में 2-2 घंटे सेवा करेंगे।

### अकाली दल ने सीएम का इस्तीफा मांगा

इस हमले के बाद सियासत तेज हो गई है। अकाली दल ने मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की है। अकाली दल नेता दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। सुरक्षा में तैनात जवानों ने दिलेरी से अपनी ड्यूटी निभाई। इस घटना की न्यायिक जांच होनी चाहिए। इसके पीछे की साजिश का खुलासा होना चाहिए। वहीं, पुलिस का कहना है कि सुखबीर सिंह बादल को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दो एसपी, दो डीएसपी और 175 सादी वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात थे।

# आप विधायक बाल्यान जमानत मिलने के बाद फिर गिरफ्तार

- नए केस में अरेस्ट हुए, वसूली और धमकाने के मामले में आज ही मिली थी बेल



एजेंसी । नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (AAP) के विधायक नरेश बाल्यान को जमानत मिलते ही दिल्ली पुलिस ने बुधवार को फिर गिरफ्तार कर लिया। उन्हें मकोका मामले में गिरफ्तार किया गया है। उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बाल्यान को राउज एवेन्यू कोर्ट से क्राइम ब्रांच ऑफिस ले जाया जा रहा है। बुधवार को ही उन्हें जबरन वसूली मामले में जमानत मिली थी। दरअसल, 30 नवंबर को क्राइम ब्रांच ने नरेश बाल्यान को 2023 के जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया था। इसी दिन भाजपा ने बाल्यान का एक ऑडियो क्लिप जारी किया था। भाजपा का कहना है कि नरेश का संबंध गैंगस्टर से है और वह वसूली गैंग चलाते हैं। वो हवाला के जरिए पैसों का लेनदेन करते हैं।

### बाल्यान ने ऑडियो को फेक बताया

बाल्यान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X में अमित के पोस्ट को रिट्वीट किया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने इस ऑडियो को गलत बताते हुए सभी चैनलों से फर्जी खबर को हटवाया था। ये कई साल पुराना मामला है। जब केजरीवाल ने कानून व्यवस्था पर भाजपा को घेरा तो ये कई साल पुरानी फर्जी खबर लेकर आए हैं।

### अमित मालवीय ने शेयर ऑडियो किया



बीजेपी-IT सेल हेड अमित मालवीय ने बाल्यान का कथित ऑडियो शेयर करते हुए लिखा, 'नरेश बाल्यान का गैंगस्टरों के साथ ऑडियो कॉल वायरल, जिसमें वे दिल्ली के बिल्डरों और व्यापारियों से फिरौती मांग रहे हैं। केजरीवाल दिल्ली में जबरन वसूली का नेटवर्क चला रहे हैं और फिर खराब कानून व्यवस्था के लिए भाजपा को दोषी ठहरा रहे हैं। आप ने दिल्ली को भ्रष्टाचार के दलदल में तब्दील कर दिया है। आप विधायक नरेश बाल्यान के करीबी सहयोगी का गैंगस्टरों के साथ ऑडियो कॉल भी अब सार्वजनिक हो गया है।' दो बजे दोपहर इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# 104 साल का बुजुर्ग 36 साल बाद जेल से छूटा

- सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी
- भाई की हत्या करने पर 1988 से जेल में थे



एजेंसी । मालदा

पश्चिम बंगाल में 104 साल के बुजुर्ग 36 साल जेल की सजा काटने के बाद रिहा हुए हैं। 29 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद रसिक चंद्र मंडल मंगलवार को मालदा करेक्शनल होम से बाहर आए। उन्हें 1988 में भाई की हत्या के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। 1994 में ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दोषी करार करते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। मंडल ने अपने जीवन के आखिरी दिन परिवार के साथ बिताने के लिए रिहाई की मांग की थी। जेल से बाहर निकलकर उन्होंने कहा कि वह जिंदगी के बचे हुए दिन बागवानी और पौधों का ध्यान रखने में बिताएंगे। मालदा के रहने वाले रसिक चंद्र मंडल ने जमीनी विवाद के चलते भाई की हत्या की थी। 1988 में 68 साल की उम्र में उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा गया। 1994 में ट्रायल कोर्ट ने दोषी पाते हुए उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। मंडल ने ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की।

# 'काश पुरुषों को मासिक धर्म होता'

- सुप्रीम कोर्ट ने एमपी हाईकोर्ट के महिला जज की बर्खास्तगी पर जताई नाराजगी

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले पर सख्त टिप्पणी की है, जिसमें एक महिला जज को उनके प्रदर्शन के आधार पर बर्खास्त कर दिया गया था, जबकि उनके गर्भपात के कारण उनके मानसिक और शारीरिक संकट को नजरअंदाज किया गया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- काश पुरुषों को मासिक धर्म होता। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और एन



कोटिस्वर सिंह की बेंच ने उच्च न्यायालय से यह स्पष्टता मांगी कि सिविल जजों की बर्खास्तगी के लिए क्या मानक हैं।

### 'ऐसे मानक पुरुष जजों पर भी लागू होंगे'

सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा, 'मैं उम्मीद करती हूं कि ऐसे मानक पुरुष जजों पर भी लागू होंगे। मुझे इसमें कोई हिचक नहीं है। महिला गर्भवती हुई थी और उसका गर्भपात हो गया। एक महिला जो गर्भपात से गुजरी है, उसका मानसिक और शारीरिक दर्द क्या है? काश पुरुषों को मासिक धर्म होता, तब उन्हें पता चलता कि यह क्या होता है।

### मामले का सुप्रीम कोर्ट में स्वतः लिया संज्ञान

11 नवंबर, 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था जब राज्य सरकार ने छह महिला सिविल जजों को कथित तौर पर असंतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर बर्खास्त कर दिया था। हालांकि, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की एक पूर्ण अदालत ने 1 अगस्त को अपनी पिछली बैठक के फैसले पर पुनर्विचार किया और चार अधिकारियों को पुनर्नियुक्त करने का फैसला लिया, जिनमें ज्योति वर्कडे, सोनाक्षी जोशी, प्रिय शर्मा और रचना अतुलकर जोशी शामिल थीं। बाकी दो महिला जजों, अदिति कुमार शर्मा और सरिता चौधरी को इसमें शामिल नहीं किया गया।

# लोकायुक्त को प्रवर्तन निदेशालय की चिट्ठी पर भड़के सीएम सिद्धारमैया

एजेंसी । बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को मुडा साइट आवंटन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा लोकायुक्त को लिखी चिट्ठी को राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने बताया कि यह चिट्ठी अदालत को प्रभावित करने के इरादे से की गई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईडी के पास इस मामले की जांच करने की कोई शक्ति नहीं है। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा, 'यह राजनीति से प्ररित है। कल एकल पीठ के आदेश के खिलाफ हमारी रिट याचिका आ रही है। अगर उन्होंने (ईडी) लोकायुक्त को चिट्ठी लिखी है तो इसका क्या मतलब है? सबसे पहले तो ईडी के पास जांच करने की कोई शक्ति नहीं है। उन्होंने केवल कोर्ट को प्रभावित करने के लिए ऐसा किया।'



### क्या है मुडा मामला?

साल 2020 में मुडा योजना शुरू की गई थी, जिसके तहत लोगों से मैसूर के विकास के नाम पर उनकी जमीन ली गई थी, जिसके तहत 50:50 का फॉर्मूला था, जिसके चलते लोगों की जितनी जमीन ली गई उसकी 50 फीसदी जमीन या वैकल्पिक साइट उन्हें मुआवजे के तौर पर दी जानी थी। हालांकि, साल 2023 में शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश ने शिकायतों के आने के बाद इस योजना को रद्द कर दिया था। हालांकि, आरोप लगे हैं कि इस योजना के निरस्त होने के बाद भी इसके तहत साइटों का आवंटन जारी रहा।

# इसरो को मिनट भर पहले टालना पड़ा PROBA-3 मिशन

एजेंसी । श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा आज लॉन्च होने वाला PSLV-C59 रॉकेट/ROBA-3 मिशन तकनीकी खराबी के कारण स्थगित कर दिया गया है। मिशन को अब कल के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। ISRO शाम 16:12 बजे श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से मिशन को लॉन्च करेगा। PROBA-3 यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) का मिशन है। PROBA-3 मिशन सूर्य के कोरोना का अध्ययन करेगा।



ESA के मुताबिक, 'PROBA-3' मिशन सूर्य के परिमंडल की सबसे बाहरी और सबसे गर्म परत का अध्ययन करेगा।

सूर्य के बाहरी एटमॉस्फियर को सूर्य का कोरोना कहते हैं। इस मिशन में ISRO की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) सहयोग कर रही है। ISRO इससे पहले भी दो प्रोबा मिशन लॉन्च कर चुका है। पहला 2001 में PROBA-1 लॉन्च किया गया था। दूसरा 2009 में PROBA-2 मिशन लॉन्च हुआ था। दोनों मिशनों में ISRO को सफलता मिली थी। प्रोबा-3 मिशन को दो मेन स्पेसक्रॉफ्ट से लॉन्च होगा। पहला Occulter है, जिसका वेट 200 किलोग्राम है। दूसरा स्पेसक्रॉफ्ट Coronagraph है, जिसका वजन 340 किलोग्राम है। लॉन्चिंग के बाद दोनों सैटेलाइट अलग हो जाएंगे। बाद में सोलर कोरोनाग्राफ बनाने के लिए इन्हें एक साथ पोजिशन किया जाएगा।

प्रोबा-3 मिशन यूरोप के कई देशों का एक पार्टनरशिप प्रोजेक्ट है। इन देशों के समूह में स्पेन, पोलैंड, बेल्जियम, इटली और स्विट्जरलैंड शामिल है। इस मिशन की कुल लागत लगभग 200 मिलियन यूरो बताई जा रही है। प्रोबा-3 मिशन दो सालों तक चलेगा। इस मिशन की खास बात है कि इसके जरिए पहली बार अंतरिक्ष में 'प्रिसिजन फॉर्मेशन फ्लाइंग' को टेस्ट किया जाएगा। इसके तहत एक साथ दो सैटेलाइट उड़ेंगे। ये सैटेलाइट लगातार एक ही फिक्स कॉन्फिगरेशन को मेंटेन करेंगे।

# लोकसभा में बैठने की जगह पर सियासी संग्राम

एजेंसी । नई दिल्ली

लोकसभा के प्रश्नकाल के दौरान मंगलवार को सीट आवंटन को लेकर असंतोष का माहौल दिखा। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के वरिष्ठ सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी ने अपनी आठवीं पंक्ति की सीट को लेकर नाराजगी जताई। रेड्डी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी दल से हैं। उन्होंने कहा कि वह पांचवीं बार सांसद बने हैं और पिछली लोकसभा में दूसरी पंक्ति में बैठते थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए कहा, 'संसद के कामकाज से जुड़े मुद्दे सदन के पटल पर नहीं उठाए



जाने चाहिए। यदि कोई समस्या है तो इसे अध्यक्ष के कक्ष या संसदीय कार्य मंत्रालय के माध्यम से सुलझाएं।' इंडियन एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि टीडीपी ने अपने सांसदों की सीट आवंटन पर पुनर्विचार की मांग की है। पार्टी के लोकसभा नेता लवु श्रीकृष्ण देवरायलु ने अपनी सीट को लेकर नाराजगी जताई है, जो उन्हें वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सांसद मिधुन रेड्डी के पास आवंटित की गई है। देवरायलु पहले वाईएसआर कांग्रेस से जुड़े थे। भाजपा के नेताओं में भी सीट बदलाव हुए हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सीट को सीटिंग सूची जारी होने के 24 घंटे के भीतर 58 से बदलकर 4 कर दिया गया। हालांकि, मुख्य असंतोष विपक्षी दलों के बीच देखने को मिला। रिपोर्ट के मुताबिक, विपक्षी दलों के बीच असंतोष का मुख्य कारण 'आठवीं ब्लॉक' की सीटें हैं, जो स्पीकर के चैंबर के बाईं ओर हैं और कैमरों का ध्यान इन्हीं पर अधिक रहता है।

# अर्धसैनिक बलों के जवानों में बढ़े आत्महत्या के मामले

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवान आत्महत्या जैसा कदम उठा रहे हैं। बीते कुछ समय में ये आंकड़ा तेजी से बढ़ा है। गृह मंत्रालय ने राज्य सभा में यह जानकारी दी है। बीते 5 सालों में 730 जवानों ने आत्महत्या की है। लंबी ड्यूटी, सोने के लिए पर्याप्त समय न मिल पाना और परिवार के साथ कम से कम समय बिता पाना इसकी मुख्य वजह मानी गई है। इस कारण कई जवान अपनी नौकरी से त्याग पत्र भी दे रहे हैं या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले रहे हैं।

गृह मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में पेश आंकड़ों के मुताबिक, बीते 5




सालों में करीब 55,000 जवानों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या त्यागपत्र दिया है। वहीं आत्महत्या के पीछे मुख्य वजह निजी परेशानियां मानी गई हैं। इस विषय पर अध्ययन के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया था। इसमें पाया गया कि आत्महत्या करने वाले करीब 80 फीसदी जवान छुट्टी से लौटे थे। टास्क फोर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 'जवानों में आत्महत्या की मुख्य वजह पति या पत्नी की मौत, परिवार के किसी सदस्य की मौत, वैवाहिक विवाद या तलाक, आर्थिक दिक्कतें, बच्चों के लिए शिक्षा के पर्याप्त अवसर न होना है।' गृह मंत्रालय ने बताया कि 'इसे कम करने के लिए एक साल में 100 दिन के अवकाश की व्यवस्था की गई है, जिससे जवानों को अपने परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का अवसर मिले। अब तक 42,797 ने सुविधा का लाभ भी लिया है।' केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्य सभा में बताया कि केवल इसी साल अक्टूबर तक करीब 6302 जवानों ने अपने परिवार के साथ 100 दिन बिताए हैं।

# BBC की 100 प्रभावशाली महिलाओं में पूजा शर्मा शामिल

- चार हजार से अधिक लावारिस शवों का कर चुकी हैं अंतिम संस्कार

एजेंसी । नई दिल्ली

बीबीसी ने साल 2024 की 100 प्रभावशाली महिलाओं की सूची जारी की है। इस सूची में तीन भारतीय महिलाओं को जगह दी गई है। खेल और मनोरंजन समेत विभिन्न क्षेत्रों की प्रभावशाली महिलाओं को इसमें शामिल गया है। अरुणा रॉय, पूजा शर्मा और विनेश फोगाट सूची में शामिल होने वालीं तीन भारतीय महिलाएं हैं। दो भारतीय-अमेरिकी महिलाओं को भी जगह मिली है। सुनीता विलियम्स और एआई विशेषज्ञ स्नेहा रेवनूर बीबीसी की सूची का हिस्सा हैं।



### कौन हैं पूजा शर्मा?

बीबीसी की सूची में दिल्ली की रहने वालीं पूजा शर्मा को भी जगह दी गई है। पूजा शर्मा चार हजार से अधिक लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर चुकी हैं। 28 वर्षीय पूजा शर्मा का जन्म 7 जुलाई 1996 को दिल्ली में हुआ। 12 मार्च 2022 को पूजा शर्मा के सामने ही उनके भाई की हत्या कर दी गई। भाई के अंतिम संस्कार में किसी ने मदद नहीं की। इसके बाद पूजा ने अपने हाथों से भाई का अंतिम संस्कार किया। इस झकझोर देने वाले हत्याकांड के बाद पूजा ने लावारिस शवों के अंतिम संस्कार का बीड़ा उठाया।